गजराज तजे खर कोन गहें । सुर वृक्ष छतें कुन आक चहें । पय पान तजे विष कोन पिये, लहि पाचरु काचहि कोन लिये ॥ ३२ ॥

बग हंसनि क्यों घर बास बसें, न रहे फुनि कोकिल कग्गर से । सस सिंहनि ज्यों नन देखि सके, बिन बुद्धिय आसुर बादि बके ॥ ३३ ॥

नर नायक तो सम ओर नही, सरणागय वत्सल

तू जसही। प्रभु के सु लुली लुलि पाय परों, कर जोरि इती अरदास करों ॥ ३४ ॥

सजि सेन सु आवहु नाह इतें, अबला सु छुड़ावहु आसुरतें। सु लई ज्यों राघव सीत सती, हठ कार करावन राय हती ॥ ३५ ॥

करि भीर प्रभू निज कामिनि की, बलि जाउ सदा तुम जामिनि की। इन कज्जहि लाइक तूजइला कुल नीर चढ़ाउन देव कला ॥ ३६ ॥

लिखि लेख समै द्विज सद्दि लियौ, कहि भेद सु कग्गद हत्थ दियो। मुष बैन दिढ़ाइरु शीष करी, धर पत्त बहू सुउमङ्ग घरी ॥ ३७ ॥

पहुंच्यो सु उदय पुर माझ पही, महाराणहि भेटि असीस कही। जय हिन्द धनी जगतेश सुतं, श्री राजसि राण जगत्त जितं ॥ ३८ ॥

गुदराइय लेख कुमारि गिरं, अति हर्ष भयो नर नाह उरं। करुनाकरि विप्र समान कियो, दिल उत्सक उंचित दान दयो। ॥ ३९ ॥

महि मानिनि जानि दसारु मिलैं, घर आवत लच्छिय कौन ठिलै। इह चित्तहि ठानि के बीरु बली, रति पाइ महा रस रङ्ग रली ॥ ४० ॥

घन नोवति नद्द निसान घुरे, अवनीस अनेक उछाह करे। चढ़ि चंचल वाम मिलाप चहें, कवि नायक यों कवि मान कहें ॥ ४१ ॥

॥ कवित्त ॥

अवलाकृत अरदास विप्र मुष वसु निरु विष खन् ।
चित्रकोट पति चढ़े रूप कुंअरी पति रखन ॥
घुरत निसाननि घमस गुहिर घन ज्यों गय गज्जन।
सुभ बन्दी जन सद्द बाजि खुरतार सु बज्जन ॥
हय हंस चढ़े चामर ढलत धवल छत्र शीशहिं धरिय ।
सोवन जराउ युत सेहरो सुन्दरि ब्याहन संचरिय॥४२॥

॥ दोहा ॥

दैन बधाई सोइ द्विज, रूप सुता प्रति रंग ।
आयो सेना अग्ग तें, उद्यमवन्त अभङ्ग ॥ ४३ ॥
अखिय आइ बधाइ इह, बारी तो बड़ भाग ।
राण राजसी राज बर, आए धरि अनुराग ॥४४॥
सुनि सु बधाई नृप सुता, उपज्यो उर उल्हास ।
कनक रजत पटकूल करि, पूरन किय द्विज आस ४५
रूप नगर महाराण की अधिक बढ़ी सु अवाज ।
मानसिंह नृप हरषि मन, सजै ब्याह वर साज॥४६॥
बंधे तोरन रतन मय, थप्पि रजत युग थम्भ ।
कनक कलस मंडित मुकुर देषत होत अचम्भ ॥४७॥
चोरिय मण्डिय चित चुरस, कनक भण्ड बहु आनि ।
मंडप खम्भ सु कनक मय, गूडर जरकस तानि ४८।

छन्द रसावल ।

राण राजेसरं, बीर हिन्दू बरं ।
ऊंच तनु अम्बरं, सुरति सा डंबरं ॥ ४९ ॥

हंस हय सुन्दरं, स्वर्ण साकति धरं ।
प्रगट गति पातुरं, आरुहे आतुरं ॥ ५० ॥
सीस बर सेहरं, जरित हेमं जरं ।
षग्ग करि षंडरं, सेत छत्रं सिरं ॥ ५१ ॥
चारु दो चामरं, कनक दंडं करं ।
बिभ्रए दो नरं, रूप एतं बरं ॥ ५२ ॥
भीर मत्ती पुरं, नेन नारी नरं ।
निरष ए नर बरं, उलहसं ते उरं ॥ ५३ ॥
बाजि घन घुम्मरं, भूरि चढ़े भरं ।
सेन बहु सिंधुरं, प्रचुर पायक चरं ॥ ५४ ॥
घोष नौवति घुरं, सोर वन्दी सुरं ।
धरनि रज धुन्धरं, ढंकियं दिनकरं ॥ ५५ ॥
सोषि सलिता सरं, थान रिपु थर हरं ।
अमग मग्गं परं, पत्त पहु सुर धरं ॥ ५६ ॥
राग रमनी रसं, नाह अद्धी निसं ।
पत्त पुर गोयरं, तूर त्रम्बक्क घुरं ॥ ५७ ॥
पील सों तें जरे, पार को उच्चरें ।
हिंस ई हेम्बरं, गज्ज घन गैम्बरं ॥ ५८ ॥
सरल सरनाइयं, गायनं गाइयं ।
राग षंभा इती, श्रवन सम्भा इती ॥ ५९ ॥
सोर सग गट्टयं, भोंचपा छुट्टयं ।
विरुद बन्दी वदै, सरस जै जै सदै ॥ ६० ॥

रूप नैरं रली, गोरि घन ऊछली ।
सैन सिंगारयं, सज्जि पैं सारयं ॥ ६१ ॥
बज्जनं बज्जई, गेन घन गज्जई ।
गावही गीतयं, वाम रस रीतयं ॥ ६२ ॥
कीन निवछावरी, सू हवं सुन्दरी ।
स्वर्ण सालङ्करी, मुत्ति थारम्भरी ॥ ६३ ॥
उछरैं दामयं, रूप अभिराभयं ।
इन्द्र ज्यों वर्षयं, बन्दि बहु हर्षयं ॥ ६४ ॥
मांन रठोर के, द्वार कुल मोर के ।
तोरनं बन्दियं, अधिक आनन्दियं ॥ ६५ ॥
राजसी रान जू, प्रबल षग प्रान जू ।
रठबरि ब्याहई, सद्धि पत्ति साहई ॥ ६६ ॥

॥ कवित्त ॥

ब्याह बेर वपु प्रवर रूप पुत्ती सिंगार रचि ।
नषसिष रूप निधान सोभ पाई सरूप सचि ॥
शिर सेहरो सतेज स्वर्ण मणि जरित कांति कल
सखि चहु ओर समूह गीत गावन्त सु मङ्गल ॥
रढ लीन भली ते रठबरि परमेशर रखी सु पत्ति।
श्रीराज राण जगतेशको पति पायो सब हिन्दु पति६७
राजसिंह महाराण सरस कर ग्रहन समय लहि ।
सजि अमोल शृङ्गार कान्ति सुरपति समान कहि ।
सोहत सिर सेहरो कनक नग लाल जरित शुभ ।

कटि सुन्दर करबाल हंस हय चढ़े यट्ट इभ ॥
बहु भूप सेन बिचि बीर बर हय गय मय गय
ताम हुम्र । घन त्रम्बक बर नौवति घुरहि जोतिह
लाल अपार हुअ ॥ ६८ ॥

॥ दोहा ॥

बहु सेना बिचि बीर बर, अश्व हंस आरोह ।
शीश छत्र वर सेहरो, चामर ढलत सु सोह ॥ ६९ ॥

॥ चन्द्रायन ॥

चामर ढलत सु सोह उबारत द्रव्य अति ।
बन्दी बोलत बिरुद चिरं चीतोरपति ॥
पिखत प्रजा असंखन बुझहिं अप्प पर ।
रङ्ग मण्डप रस रङ्ग प्रपत्ते ईश वर ॥ ७० ॥

॥ दोहा ॥

रँग मण्डप वहु रङ्ग रस, प्रवर दुलीच बिछाय ।
रूप सुता रस रङ्ग मैं, सकल सखी समुदाय ॥ ७१ ॥

॥ चन्द्रायन ॥

सकल सखी समुदाय सुहाइय सुन्दरिय ।
मण्डप मध्य सु आइय अभिनव अच्छरिय ॥
बिप्र पढ़त बहु बेद हवन करि करि हवी ।
सूर चन्द सुर साखिय सज्जन संठवी ॥ ७२ ॥

॥ दोहा ॥

सूर चन्द सुर साखि सब, बर गँठ जोरा बन्धि ।
बन्धी मनु हित गंठि दृढ़, दम्पति उभय सम्बन्धि॥७३॥

॥ कवित्त ॥

दम्पति उभय संबंध कन्त कर ग्रहन किय, सुर पति सची समान सकल गुन रूप प्रिय । कै रति युत रति कन्त एह उनमानिये । निश्चल हुन जन नेह युगं युग जानिये ॥ ७४ ॥

॥ दोहा ॥

युग युग नेह सु उभय जन, सुरपति सची समान ।
रूप पुत्ति वर रट्ठवरि, राजसिंह महाराण ॥ ७५ ॥

॥ चन्द्रायन ॥

राजसिंह महारान संपते चौरि सजि ।
बज्जे बज्जन वृन्द गगन प्रति सद्दि गजि ॥
गावति सूहब गीत कित्ति कल कंठ करि ।
सज्जन मिले समूह कोटि उत्साह करि ॥ ७६ ॥

॥ दोहा ॥

सज्जन आइ मिले सकल, मान कमध्धज गेह ।
चोरी मण्डप चूप चित, नरनायक बहु नेह ॥ ७७ ॥
बरताए मंगल सकल, लिए सु फेरा लच्छि ।
होंस मनाई हीय की, अच्छि सम्पतिय अच्छि॥७८॥
सन्तोषे नेगी सकल, दये घने धन दान ।
चोकी कमधज्जी चढे, राजसिंह महाराण ॥ ७९ ॥

॥ कवित्त ॥

राजसिंह महाराण प्रिया रठौर सुपरनिय ।

रूप पुति जनु रंभ उभय कुल लज्ज सुधरनिय ॥
धनि हिन्दू पति धीर प्रवर क्षत्री पन पालन ।
गो ब्राह्मन तिय गनहि टेक गृहि संकट टालन ॥
हिन्दवान हट्ट रखन हठी बल असुरेस बिडार कह ।
जगतेश रांण सुत जग जयो कलह केलि जय
कार कह ॥ ८० ॥

॥ दोहा ॥

कलह केलि जह तह करत, ए असुरेस अनिट्ठ ।
जनम्यो एह कलंकि जनु, दिल्ली पति अति दिट्ठ ॥८१॥

॥ कबित्त ॥

दिल्ली पति अति ढिठ साहि औरङ्ग प्रेत सम ।
अतिदल बल असुरेस, अवनि सद्धत करि उद्धम ॥
देश देश पति दमत गृहत पर भूमि नगर गढ़ ।
वृद्धि करत निज बंश दुट्ठ दीदार मंत दृढ़ ॥
आधीन किए जिन अवनि पति कमधज कछवाहा
प्रभृति । श्री राज रांण जगतेश के, गिन्यो साहि
अकतूल गति ॥ ८२ ॥

॥ दोहा ॥

राज रांण जगतेश के मंडिय आलम मान ।
रूपसिंह रठौर धिय, परनी प्रिया प्रधान ॥ ८३ ॥

॥ कवित्त ॥

परनि रट्ठवरि प्रिया घोष नोवत्ति घुरंतह ।

कर मुकलावनि करत होत उच्छाह अनन्तह ॥
गावत सूहव गीत नारि बहु मिलि मृग नैंनिय ।
हरषित चित्त हसन्ति परस्पर करत सु सैंनिय ॥
उछरन्त मुत्ति कंचन अधिक घन जाचक जन घर भरिय । श्री राज सिंह राना सबल, बिश्व सकल जस बिस्तरिय ॥ ८४ ॥

छन्द पद्धरिय ।

बिछुरिय सयल संसार बत्त, ए राज सिंह राना उमत्त । सिंझ्यौ सु जिनहि पतिसाह मांनि, परनी यु रूप पुत्ती प्रधान ॥ ८५ ॥

दाइजा सास रठोर देत, सचि मानसिंह राजा सहेत । बारुन सु छहों ऋतु मद बहन्त, पिखन्त रूप पर दल पुलन्त ॥ ८६ ॥

मंडैं न ओरि करि आइ मुख, भूलियहि पेखि जिन प्यास भूख । सुण्डाल किधों अंजन सुमेर, ढाहन सु बङ्क गढ़ करन ढेर ॥ ८७ ॥

सुभ दरस जास सेना सिंगार, हरषन्त युद्ध मन्नै न हार । ठनकन्त कनक घंटा ठनक्क, घमकन्त चरन घुघरू घनंक ॥ ८८ ॥

शृंखला लोह लंगर सभार, आने न चित्त अंकुस प्रहार । सिन्दूर चँवर बर सीस सोह, पट कूल झूल पुठहिं प्ररोह ॥ ८९ ॥

ऐराक अश्व आरब उतंग, चंचल सचाल जिन रूप चंग। कांबोज कछि हय काश्मीर, तत्ते तुषार जनु छुट्टि तीर ॥ ८० ॥

पढ़ि पानि पन्थ अर पवन पन्थ, गिनि कनक तोल मोलह सु ग्रंथ। बङ्गाल बाजि वर बिविध वान, षंधारि षेंग षिति खुरासान ॥ ८१ ॥

साकति सुवर्ण वर सकल साजि, बनि रवि तुरङ्ग उपम सु बाजि। धमकन्त धर्नि जिन पय धमक्क, झिलती सु झूल मुख मल झलक्क ॥ ८२ ॥

खजमति सुदार दीनी खुवासि, रम्भा समान तनु रूप राशि। दासी सु जान नव रूप देह, जानन्त मन्त पर चित्त जेह ॥ ८३ ॥

भूषन सु हेम नग जरित भव्य, दीने अपार कञ्चन सु द्रव्य। मुक्ताफल गुरु बढु मोल माल, भल भेट करे कमधज भुवाल ॥ ८४ ॥

मृदु फास कनक तोलह महन्त, जरबाफ वसन दुति जिगमिगन्त। पटकूल और कहतैं न पार, सुखपाल सेज चारे सु सार ॥ ८५ ॥

दाइजा एह नृप मान दीन, महिराय सकल भूपति प्रवीन। मृगमद कपूर केसरि महक्क, दिसि पूरि सुरभि डंबरु डहक्क ॥ ८६ ॥

अर्चे यषि कर्द्दम सकल अंग, रस रीति रखि

रट्ठौर रक्क। भल भाव भक्ति भोजन सु भष्य, पूरी यु षन्ति नव नव प्रत्यक्ष ॥ ९७ ॥

महाराण दान जनु मेघमंड, उंनयौं कनक धारा अखण्ड। याचकनि चित्त पूरी जगीस, अभिनवा इंद मेवार ईश ॥ ९८ ॥

चतुरंग चंग सेना सँजुत्त, राजेश राण जगतेश पुत्त। रट्ठौरि रानि व्याही सुरंग, आये यु उदय पुर बर उमंग ॥ ९९ ॥

सिंगारि नगर किन्नौ सुरूप, प्रति द्वार तुंग तोरन अनूप। दरसन्त कन्तिमणि चौसकार। हीरा प्रवाल मणि मुत्ति हार ॥ १०० ॥

जरबाफ बसन बहु मुकर जोति, किरनाल किरन तिन इक्क होति। महमहति सुरभि वर पुष्प माल, बहु भौंर भवत सोभा बिशाल ॥ १०१ ॥

बाजार चित्र कीने विचित्र, पट कूल जरी मुख-मल पवित्र। सिंगारि हट्ट पट्टन सु चंग, अति सोह साज तोरन उतंग ॥ १०२ ॥

नागरिय नारि बहु बरनि नेह, शृंगार सकल सजि सजि सुगेह। गावंत धवल मंगल सुगीत, रम-नीक कंठ कलकंठ रीति ॥ १०३ ॥

उतमांग पूर्ण कुंभह अनूप, भल सोंन वँदावहिं सँमुष भूप। प्रभु धरत मध्य सोवन पुनीत, ए राज

सिंह रानो अजीत ॥ १०४ ॥

अति मिलिय प्रजा मनु दधि उलट्ट, पिखंत चित्र नर नारि थट्ट । गोरी अनेक चढ़ि गौष गौष, पेषैं नरींद पावंत पोष ॥ १०५ ॥

यों हिंदुनाह निय महल आइ, घुरनें अनेक बाजित्र घाइ । कुल देवि मान पूजा सु कीन, निति नित्य सुख विलसैं नवीन ॥ १०६ ॥

निति निति सुख नवीन रांण विलसै राजेसर ।

॥ कवित्त ॥

लच्छि लाह यौं लेत लेत ज्यों लाह लच्छि वर ॥ देत अश्व बहु दान सूर ऊगम सोवन सज । पाटंबर शिर पाव गिरुय गज्जंत देत गज ॥ मोतीनि माल सोवन महुर मौज देत महाराण महि । इन होड करैं को नृप अवर कथन एह कवि मान कहि ॥ १०७ ॥

इति श्री मन्मांन कवि विरचते श्री राजविलास शास्त्रे महाराणा श्रीराजसिंहजी कस्यरूप नगरे पाणिग्रहण वर्णन नाम सप्तम विलासः ॥ ७ ॥

———:o:———

मेद पाट फुनि मुरुधरा, अंतर अचल अपारु ।
तहँ तीरथ सलिता सुतट, रूप चतुर्भुज चारु ॥१॥
देवासुर मानवरु मुनि, आवत जात अनेक ।
बंच्छित दायक लच्छि बर, बंदत तवत बिवेक ॥२॥

बसत एक थल बैर बिन, मृग मृगपति अहि मोर ।
मिलत देव दानव सुमन, यदुपति महिमा जोर ॥३॥
ता तीरथ भेटन सुहरि, उपज्यौ हर्ष अपार ।
राजसिंह महराणा तब, सजि दल बल अोकार ॥४॥
बढ़ी अवाज सु सकल बसु, बजत निसाननि बंब ।
सजे सूर सामंत नृपु, आनंदित अबिलंब ॥ ५॥

छन्द पद्धरी ।

अविलंब सज्जि दल वल अभंग, चढ़ि चित्र-कोट पति चातुरंग । पटकूल बिबिधि उन्नत पताक, नौबति निसांन बज्जत एराक ॥ ६ ॥

सिंधुर कपोल पट मद स्रवंत, निर्झरन जानि गिरवर झरंत । गुमगुमत भौंर गन परि सुभीर, गरजंत सजल जनु घन गुहीर ॥ ७ ॥

सत्तंग चंग घर संलगंत, सिंदूर तेल शीशहिँ सुभंत । संढुरत चौंर सिर अव सुसेत, मह सुंडदंड सोभा समेत ॥ ८ ॥

दुति विमल युगल दूढ़ दिग्घ दंत, धरहरत कोट जिन जोर दिंत । ठननंकि नद्ध बहु बीर घंट, उनमूरि विटपि नंषत उभंट ॥ ९ ॥

नूपर सु पाइ घुँघरूनि नाद, रुन झुनत चलत जनु वदत वाद । जंजरित भार संकर जंजीर, संच-लत चाल चंचल समीर ॥ १० ॥

लहलहत मरुत युत लंब केतु, बैरष सुढाल ड़लकंत सेतु । पभनंत धत्त धत पीलवान, तपनीय करांकुस तरित जांन ॥ ११ ॥

चर षीरु अगर चहुंघां चलंत, पय इक्क भरत विरुदनि वदंत । वनि पिट्ठ डोल नौबति निसान, सुंडाल सकल सुरपति समान ॥ १२ ॥

अब्बी एराक आरब उपन्न, काश्मीर कच्छि कोकनि सुकन्न । कांबोज जात काविल कलिंग, सैंधवि सुवीर सिंहलि सुअंग ॥ १३ ॥

पय पंथ पौन पथके प्रधान, बंगाल चाल बर विविधि बान । मंजन सुरंग लाषी सुमोर, गंगा तरंग गुलरंग गोर ॥ १४ ॥

हरियाल हरित हीर हरि हंस, किरडै कुमैत चंपक सुवंस । सुक पक्ष चास चंचल सलील, अलि रोभ रंग अँबरस असील ॥ १५ ॥

किलकिले कातिले हय कंधाल, तुरकी रु ताजि गरु रंग साल । संजाब बोर मुसकी सतेज, हेषनि सहेष हेषत सहेज ॥ १६ ॥

सिंगार सार साकति सुवर्ण, जिगमगति जोति नग अधिक अर्ण । गुंथिय सुबेनि खंधहि सुमंत, ततथेइ तांन नट ज्यों नचंत ॥ १७ ॥

परवरिय सजर परवर सभार, पहुचैं न पंखि

पाइनि प्रचार । आरुहे तिनहि भट नृप अनेक, सामंत मत्त साधर्म टेक ॥ १८ ॥

विरुदेत बीर आजान बाहु, सज सिलह कवच सुन्दर सनाहु । संग्राम काम जिन अचल सीम, भारत समत्थ जनु अङ्ग भीम ॥ १९ ॥

चोघएट चक्र चोरथ सुचंग, जिन जुत्त धुरा चंचल तुरंग । चकडोल चारु कंचन सु कुम्भ, संभरिय हेम धन रूप रंभ ॥ २० ॥

उत्तङ्ग चक्र गंत्री अनूप, सोरठिय सेन जो ए सरूप । घ्रनमंकि ग्रीव घुंघरिन माल, झणनंकि चरण झंझर सु साल ॥ २१ ॥

बिन हङ्क सङ्क गति गन्धबाह, सुर अंग जरित सोवन सराह । बैठे सु वन्ध वर बहिल वान । पंचांग वास सुन्दर सयान ॥ २२ ॥

पयदल पयोद दल ज्यों अपार, उन्नत सु अंग जंगहि जुधार । करवाल कुन्त कोदण्ड चण्ड, सिप्पर सु तौंनधर रन बितण्ड ॥ २३ ॥

धसमसत धपत धर तोब धार, बेधंत पत्र गोरी प्रहार । पति भक्त सक्ति सायुध सु जोध, कल हान थान केहरि सक्रोध ॥ २४ ॥

दल प्रबल मध्य दीपै दिवान, रवि विम्ब रूप राजेश्व रान । एराकि अश्व आरोह जोह, नग हेम

जरित साकति ससोह ॥ २५ ॥

सिरिछत्र सहस दिनकर समान, चामर ढलंत गोषीर वान। बिरुदेत विरुद बोलत सु बोल, जय हिन्दु नाह सासन अडोल ॥ २६ ॥

केदार राय कट्टन कलङ्क, पापिन प्रयाग हर पाप पंक। महुवान राय गङ्गा समान, असुरान राय उत्थपन थान ॥ २७ ॥

उनमत्त राय अंकुश प्रहार, सामन्त राय बर सिर सिंगार। असमत्थ राय उद्धरन धीर, बंकाधि-राय बन्धन सु बीर ॥ २८ ॥

दातार राय जलधर सु दान, तप तेज राय भल हलत भान। उत्तंगराय सिरि छत्र एक, इहि भन्ति बदत बन्दी अनेक ॥ २९ ॥

षुरतार मार धरहरिय क्षोनि, झलझलिय जलधि जग्गीय योनि। षल गृहनि परिय खलभल संपूर, उडि रेनु गेनु अरबरिय सूर ॥ ३० ॥

कीजन्त राह मह सैल कट्टि। क्षितिरुह सु क्षीन बन सघन षुट्टि। थल बहत नीर थल नीर ठाह, उरझै कुरंग केहरि बराह ॥ ३१ ॥

आवन्त पेसकस प्रति दिसान, बहु नालबन्ध नृप भरत आन। पर नृपति किते बन्धन परन्त, धन-राशि जास कोसहि धरन्त ॥ ३२ ॥

हय हेष हेष गजराज गाज, करभनि कराह नर वर समाज । कह कह विसाल कल रव सु सोर, बंबरिय बहरि दिसि बिदिसि ओर ॥ ३३ ॥

डगमगति दुर्ग थरहर्रति खंड । बन गहन दुरत दुज्जन बितंड । राजेस रान सु पयान साल, थरहरति दिल्लि जनु मुङ्ग थाल ॥ ३४ ॥

॥ कवित्त ॥

थरहरि आसुरथान षान सुलतान ससंकिय ।
भू प्रियानि भामिनी हीय हहरति हर लंकिय ॥
टुरति सु फिरति दरीनि बाल निज रुदत विमुक्कति
हार डोर सु हमेल तुटत भूषन बन नक्कति ॥
पर भूमि नगर पुर उजरि प्रज दिसि दिसि बढिय
सुदंद अति । बिन बुद्धि बिकल अरि कुल सकल
चढ़त निसनि चित्रकोट पति ॥ ३५ ॥
सिन्धुर अश्व सिंगारि लछि नग हेम लेइ लख ।
कन्या बर करबाल माल मुगताफल सनमुख ॥
आवत भेट अनेक अनमि लुलि लुलि पय लग्गत ।
गति मति तजत गइन्द जब सु कण्ठीर बज्ज गत ।
भय छाह गीर बंके सुभर चलत चंड चित चोर
गहि । राजेस राण सु पयान सुनि मिलत अमिल
रखन सु महि ॥ ३६ ॥
गहिल गात गुजरात शीत चढ़ि सोरठ संकत ।

मालव जन मुख मुरझि षान धर होत सु षण्डित ।
पूरब जनपद प्रचलि वढ़िग बङ्गाल उदङ्गल ।
काश्मीर सु कलिंग कूह फुट्टी कुरुजंगल ।
पंजाब पञ्च पथ विचलि प्रज गोर सिंधु धर गिरत
गढ़ । राजेस राण सु पयान सुनि दिग्गजहू न
रहन्त दृढ़ ॥ ३७ ॥

॥ दोहा ॥

कहि पयान महारान को, को बरनै कवि इन्द ।
कुम्भ पिठ्ठि तह कसमसत, फन संकुरति फुनिन्द ॥३८॥
गज्जतु घोष गजादि रव, तुरगति तरल तरंग ।
दिसि पूरित महाराण दल, सागर ज्यों महि संग॥३९॥
इहि परि घन आडम्बरहि, कूच मुकाम करन्त ।
पत्ते तीरथ पास पहु, हृदय सु हरष धरन्त ॥ ४० ॥
कनक कुंम्भ धज दण्ड युत, सोभति सिषर उतंग ।
मण्डप बहु मत वारनैं, सहसक षन्त सुचंग ॥४१॥
देवालय देखन्त दृग, ठरे सुधा जन साज ।
मुक्ताफल अक्षत समुष, सु बधाए वृजराज ॥४२॥

॥ कवित्त ॥

सु बधाए वृजराज दृग सु देवालय देखत ।
कनक रजत कर कुसुम अमल मुक्ताफल अक्षत ॥
करि अंजलि कर कमल विनमि किन्नौ सिर साष्टत
भगति भाव भर हृदय जयतु यदुपतिमुख जंपत ॥

डेरा उतंग दिय दिशि विदिशि राजद्वार हय गय हसम । बाजार चोक त्रिक वस्तु बहु सोह सकल श्री नगर सम ॥ ४३ ॥

प्रभु पद पूजन प्रथम स्नान किन्नै सु अंग शुचि ।
विमल बसन पहिरिय विचित्र रवि सरिस रूप रचि
कस्तूरी केसर कपूर हिंगलु मलया गिरि ।
घनयक्ष कर्दम घोल भार कुंदन कचोल भृत ।
एक सो आठ वर रूप के भरे कुंभ गंगादि जल ।
कुमकुमा कुसुम केसरि मलय मधि कपूर मृगमद सकल ॥ ४४ ॥

दधि मधु घृत गोखीर षंड तंडुल पंचामृत ।
बर मंडक पकवान विविध तीवन छतीस कृत ॥
अमृत फल सरदा अनार सहकार सदाफल ।
केला कमरख कलित सेव राइनि सीताफल ॥
श्रीफल बिदाम न्योजा सरस पिण्ड खजूरि चिरोंजि युत । अखरोट दाख पिसिता प्रमुख को मेवा कहि बरनवत ॥ ४५ ॥

अगररु तगरु अनाइ प्रचुर पुङ्गीनि गंज किय ।
तज पत्रज रु तमाल जायफल लोंग एलचिय ॥
नागबेलि दल सदल चारु चोवा अबीर अति ।
अतर जवादि गुलाल कुसुम चोसर अनेक भति ।
वादित्र गीत नाटिक विबिध आरति मंगल दीप

दुति। धज छत्र चोर आहूत विधि सकल सज्ज किय हिन्दु पति॥ ४६ ॥

श्रीपति ग्रह सिंगार षंभ जरवाफ पटम्बर।
बन्धे चन्द्रोपम बिचित्र मुक्ता मनि सुन्दर॥
बन्धि द्वार तोरन सुथार पटकूल मुकुर मय।
बिबिध कुसुम मण्डप बनाय रचि तह रंभालय॥
तिन मध्य सिंहासन कनक को कमलापति बैठन सु किय। स्वस्तिक सवारि पंचधान के दीप धूप फल फूल श्रिय॥ ४७ ॥

॥ दोहा ॥

दीप धूप फल फूल श्रिय, पसरति सुरति समीर।
गीत नृत्य बादित्र धुनि, गरजत गगन गंभीर ॥४८
इत्यादिक अविलंब तें, मंगल सकल मिलाय।
हरषे हिन्दूपति सु हिय, पूजन श्रीपति पाइ ॥४८॥
सकल सेन सामन्त युत, अश्व हंस आरोह।
घन निसान नौबति घुरत, चामर ढलत सु सोह॥५०॥
बोलत बहु कवि बर विरुद, हिन्दूपति हरषंत।
प्रतिदिशि दुब्बल दीन प्रति बरषा धन बरषन्त॥५१॥
अनुक्रमि हरि गृह आइके, देषि प्रभू दीदार।
रोमांचित चित अङ्ग रुचि, जंपत जय जयकार॥५२॥

॥ कवित्त ॥

जय यदुपति जगनाथ जगतरक्षक जगजीवन।

जगहितकर जगजनक निखिल जग दैत्य निकंदन
केशव श्रीपति कृष्ण मदनमोहन मधुसूदन ।
माधव महित मुरारि मान हरिवंश सु मंडन ॥
गिरिधर मुकुन्द गोबिन्द गनि गोवर्द्धनधर गरुर-
ध्वज । गोपाल गदाधर शंखधर चक्रपानि चौबाहु
बृज ॥ ५३ ॥

वासुदेप बिधु विष्णु वेष बावन बलि बन्धन
बीठल कुंजबिहारि सु ब्रज बृन्दाबन भूषन ॥
बन्सीधर विख्यात बिश्व रूपक बिश्वम्भर ।
बनमाली बैकुंठनाथ वसुपाल बेद पर ।
बाराह बृषा कपि बिस्व बल विहित त्रिबिक्रम
बिमल मति । बसुदेव नन्द वारिद बरन बारन बर
बारुन विपति ॥ ५४ ॥

पुरुषोत्तत सु पुरान पुरुष पारग परमेश्वर ।
पद्मनाभ पूरन प्रताप पावन पीतांबर ॥
पुण्डरीक लोचन प्रमान पावक मुख पीवन ।
श्रीवछ लंछन शौरि श्याम सुन्दर रु श्याम घन ।
अहिसेन अधोक्षज अचुत अज अघ बक बच्छ अरिष्ट
अरि । मह उदधि मथनरु अनन्त मति हत कैटभ
रखिकेश हरि ॥ ५५ ॥

कमल नयन कन्सारि केशिभंजन कमलापति ।
कुंजन सानिधिकार दुष्ट दलमलन दलनदिति ॥

सारंगपानि सभाग नाग नत्थन नारायन ।
सिंधु सयन कर सुखद पुन्य तीरथ पारायन ॥
दामोदर द्वारावति धनी यज्ञ मर्त्य संकलित यश ।
जय जय सु जनार्दन जगत गुरु राधा बल्लभ रास रस५६

जयतु यशोमति नंद नंदनन्दन नरकांतक ।
गोपी प्रिय दधि गृहन कालयवनहिं उपशांतक ॥
मधु मुर मर्द्दन दुग्रन हमसि लघु पन माषन हर ।
चक्रचूरन चाणूर सबल शिशुपाल क्षयङ्कर ॥
देवकी नन्द रवि कोटि दुति जरा सिन्धु सम जंग
जय । दुर्योधन करन दुसासनह क्षिति अनेक खल
कीन षय ॥ ५७ ॥

करिके ब्रज पर कोप मुसुलधारनि घन मंडिय ।
बद्दल वसुमति व्योम एक करि अधिक उमंडिय ॥
उदक चढ़त आकाश गोप गोपी सब गइयनि ।
गोवर्द्धन गिरि गह्यो भीर पत्ती निज भइयनि ॥
बैराट रूप रचि विष्णु तब कर अंगुरि पर धरि
अचल । बरसन्त सत्त अहनिशि अवधि सो संकट
टारयौ सकल ॥ ५८ ॥

ध्रुव को ध्रुव करि धरयौ पैज प्रहलाद संपूरिय ।
द्रूपद सुता दुकूल बृद्धि करि कीचक चूरिय ॥
अम्बरीष उद्धरयौ सधन किन्नौ सु सुदामा ।
दृष्टि त्रिलोचन दीन रखि पन रुष मनिरामा ॥

भय भारत पारथ सारथिय रखि लये टिट्टिभिय सुत । उद्धरिय अहल्या आप हरि गज रख्यो गाहनि गृहत ॥ ५९ ॥

अज्ज सफल अवतार अज्ज अमृत घन बुट्ठो ।
अज्ज भयो आनन्द अज्ज परमेसर तुट्ठो ॥
अज्ज अमर तरु फल्यो अज्ज सुरमनि संपत्तौ ।
परी मनोरथ माल अज्ज अँग अँग रँग रत्तौ ॥
सुर धेनु अद्य मिलि सुर सुघट राज रिद्धि पत्ते सुरस । प्रगटे निधान मन सुक्ख के देखतही यदुपति दरस ॥ ६० ॥

॥ दोहा ॥

इहि परि करि हरि जस अधिक, प्रनुमि प्रभू के पाइ ।
अब अनन्त अर्चन सुमति, ललित सहित लय लाइ ६१
सिंहासन हरि सनमुखहिं राजत हिन्दू राय ।
बैठे बड़ बड़ भूप तहँ, इन्द सभा मनु आइ ॥६२॥
दीपति अति दुति दीपकनि, घृत घनसार समेत ।
घसि मृगमद केसरि मलय, द्वारनि करतल देत ॥६३
गावत बहु गन्धर्व गन, बहु वादित्र बजन्त ।
सजि सिंगार बहु सुन्दरी, नव नव नृत्य नचन्त ६४
विप्र वेद धुनि उच्चरत, हवि मेवा मधु होम ।
जव तिल वृहि पटकूल युत,बिलसि ज्वाल बिन धोम६५
कलस रजत के उदक भृत, अष्ठोत्तर सत आनि ।

पूजक पावन द्विज करत, स्नान सु सारँग पानि ६६

छन्द पद्धरिय ।

करते सु स्नान श्रीकन्त काय । बहु गीत नृत्य वादित्र वाइ । ढमके सु ताम गुरु जङ्गि ढोल, निहसे निसान करिके निमोल ॥ ६७ ॥

मधु मेघनाद बज्जे मृदंग, वीणा सु बंस डफ चङ्ग सङ्ग । भरहरिय भेरि भरि भूरि नाद, सुनियै न श्रवन तिन सुनत साद ॥ ६८ ॥

सुनि फेरि संष ऊकार सार, सहनाइ सरल सुर सौख्य कार । घंटाल ताल कन्सार तूर, झल्लरि झनंकि सुर सोभ मूर ॥ ६९ ॥

सारंगि पुन्नि सुनिये रसाल, द्रम द्रमकि द्रहकि दुर बरि दुझाल । रणझुणकि जन्त्र तिन मधुर तन्ति, बज्जत पिनाक रीझत सुमन्ति ॥ ७० ॥

घन भंति भन्ति बादित्र घोष, प्रति सादगेन गज्जत सरोख । खग मृगरु धेनु सुनि नाद सोइ, हत सुद्धि रेह जनु चित्र सोइ ॥ ७१ ॥

बनिता विचित्र बहु बाल बृद्धि, तजि लाजकाज पिखन बिलुधि । रस सरस रीति रचि रंग रौलि, यदुनाथ सीस जल कलस ढोलि ॥ ७२ ॥

सुकुमार सुरभि तनु शित सुचंग, सुचि बास संग अंगोछि अंग । कलधौत धौत पट बिमल कंति,

सिर पाग स्वर्ण मनि गन सुभन्ति ॥ ७३ ॥

जामा जरीनि कटि पट सजोति, किरनाल किरनि तिन इक्क होति । अद्भुत उतरा संग पीतवान, पंचांग वास पहिरे प्रधान ॥ ७४ ॥

नग लाल स्वर्ण अवतंस सीस, कुण्डल जराउ युग श्रव जगीस । कमनीय कनक नग कण्ठ माल, बर मुक्ति माल मौक्तिक विसाल ॥ ७५ ॥

उर बसी हेम मानिक अनूप, पन्ना प्रवाल पुषराज जूप । बहिरषाबाहु युग बाजु बन्ध, सुश्री करत्त सोवन सबन्ध ॥ ७६ ॥

बरबीर बलय बेढिम सुवर्ण, जिगमिगति ज्योति नग अधिक अर्ण । मुद्रिका पानि पल्लव प्रधान, नव रंग रत्न नव ग्रह समान ॥ ७७ ॥

मुरली प्रवाल कर अधर मध्य, सु प्रत्यक्ष जानि हरि राग सध्य । मेखला स्वर्ण कटि रत्नसार, पदकरी पाइ बहु धन प्रकार ॥ ७८ ॥

इहि भंति अलंकरि सकल अंग, सजि परू छत्र शिर वर सुचंग । कस्तूरि मलय केसरि कपूर, कुंदन कचोल भरि भरि सँपूर ॥ ७९ ॥

भल चरन जानु कर अन्स भाल, उर उदर कंठ भुज श्रवन् साल । हरि अरचि अतर चोवा जवादि, अरगजा गन्धि सु अबीर आदि ॥ ८० ॥

चम्पक गुलाब जूही चमेलि, सेवन्ति सुरभि रुचि रायबेलि। केवरा करणि केतकी कुन्द, मालती माल मचकुन्द वृन्द ॥ ८१ ॥

सतपत्र दवन मुग्गर सुवास, गुमगुमत भौंर गन गन्ध आस। डहडहति अवति रस पुष्प दाम, ठह-राय ठवत हरि कंठ ठाम ॥ ८२ ॥

लोवान अगर चन्दन अबीर, महमहिय धूप धोमहि समीर। सुरलोक सुरभि संपत्त सोइ, सुरनाथ सकल सुर हरष होइ ॥ ८३ ॥

बर कनक नाल सु बिसाल माहिं, संजोइ दीप सह सक समाहि। जिगमिगति योति तम छोति हारि, यों साँइ सँमुख आरति उतारि ॥ ८४ ॥

॥ कवित्त ॥

आरति दीप उतारि जपत जयकार नृपति जन।
अव सुभोग हरि जोग विप्र ढोवन्त वियक्खन ॥
कञ्चन थाल कचोल कनक भृंगार गंग जल।
मेवा बहु मिष्ठान तप्त सुरही घृत तंदुल ॥
पूपिका सघृत तीवन प्रचुर सक्कर अमृत दधि सहित। सु अघाइ कीन मुख हच्छ शुचि तदनुसार तम्बोल धृत ॥ ८५ ॥

सकल सूर सामन्त अंग चरचे यषि कर्दम।
घसि केसरि घनसार मलय मृगमद सोंधे सम ॥

अतर जवादि अबीर चारु चोवा फुलेल बर ।
कुसुम माल तिन कंठ सुरभि पसरत साडंबर ॥
अम्बर तुरंग तरुवर सधर उड़त सु लाल गुलाल
अति । बढ़ि रङ्ग बिलास प्रहास मनु संध्या राग
समान थिति ॥ ८६ ॥

॥ दोहा ॥

बंटिय मोहन भोग बर' मेवा घन मिष्ठान ।
चरनोदक तुलसी सु दल, सकल लेत सनमान ॥८७॥
स्वर्ण कुम्भ भरि स्वर्ण धन, रजत कुम्भ भरि रूप ॥
करि कृष्णार्पण हरि सुकजि, भरि भंडार सु भूप ८८
मौतिक स्वस्तिक लाल मधि, लीलक पट अभिराम
घंट कनक धज दंड सों, धज बन्धी हरिधाम ॥८८॥
बैठे सायुध सुत सहित, रूप तुला महारान ।
जलधर ज्यों जग याचकनि, देत सु बंछित दान ६०
इहिं पर सेव अनन्त की, प्रभु करि बिबिध प्रकार
हौंस मनाई हीय की, सफल कर्यौ अवतार ॥६१॥
निज डेरा आए नृपति सकल सेन घन संग ।
दिशि दिशि प्रति महाराण दल मनौं महोदधिगंग६२
भल भल भोजन भगति भल पंचामृत रस पोष ।
पोषे निज प्रति भट प्रभृति, सुनत होत संतोष॥६३॥

॥ कबित्त ॥

घेवर मुत्तिरचूर षंड चनका रु पतासा ।

गिन्दोरा दहिबरा दोवठा षाजा षासा ॥
पैरा खुरमा प्रगट खेलना गुंझा षसषस ।
कलाकन्द कन्सार सरस सीरै सुनियै रस ॥
गुलगुला सक्करपारा सबल देखि दमी दादर भसत
इन्द्रसा पान श्रोला प्रमुख पुरुष नाउं पंडित पढ़त८४
सु जलेबी हेसमी अकबरी औ़र अमृती ।
पुरी तिमंगिनी सोंठि मठी साबुनी निषृती ॥
फेनी फुनि रेवरी स्वाद घन खण्ड संठेली ।
मुरकी बरफी पीलसार, घनसार संमेली ॥
कलियान साहि कवि मान कहि सक्कर चौकी क्षीर
युत । मिष्ठान बिबिध पोषे सुभट जैंवत जो जिहि
चित्त रुचत ॥ ८५ ॥

॥ दोहा ॥

सत्त अहो निसि एक सज, प्रतिदिन चढ़त प्रमोद ।
सेवा चढ़ती माइं की, बरते सघन विनोद ॥ ८६ ॥
करि सुजात हरि भगति करि, करि निज बंछतिकाज
उदयापुर को ऊमहे, राजराण ध्रुव राज ॥ ८७ ॥
घुरि निसानि सु विहांन घन, बनि पताक गन तुंग ।
सजि सिंधुर मदभर सबर, ताते तरल तुरंग ॥ ८८ ॥
सजे सकल सामन्त नृप, दिनकर दुति दीपन्त ।
तिन अग्गें तन तुरक दल, प्रति दिसि दूरि पुलंत८९
सभबाल सुखपाल रथ, बेसरि करभ अपार ।

सुधन सलीता तंबु कसि, भरे बिबिधि बहु भार १००
कनक तोल ऐराकि हय, चढ़े राण चतुरंग ।
रज रंजित धरि गगन रवि, उरझत दलहि कुरंग१०१॥
प्रान पौंन प्रेरित प्रबल गाज गुहिर गति लोल ।
प्रति दिसि पूरित पेषियहिं, दल ज्यों जलधि कलोल ॥ १०२ ॥

ससकि शेष कूरमि कसकि, मसकि महीधर मेर ।
झलझलि जलनिधि जल झलकि कंपिय बरुन कुबेर१०३
सुखही सुख सों संचरत, लहु लहु करत मुकाम ।
पिरकत पुहवि पहार पथ, सजि सजिसहल सकाम॥१०४
अदभुत थानिक पिक्खि इक, सलिता सलिल समेत ।
निकरी ग्रावा फारि नग, दिसि दिसि शोभा देत१०५
थपि मुकाम तिन थान कहि, सहल चढ़े सु सनेह ।
केहरि क्रोड़ कुरंग कपि, गिरिवर पशु अनिगेह १०६
नग बिचि जहँ निकरी नदी, देखत तहां दिवान ।
नीम मात्र तिम नीर मधि, सरवर कौं सहिनान१०७
प्रोहित अरु प्रति भट प्रमुख, पूछे पुरुष पुरान ।
अपरि पूर्ण इन उदक मैं, बन्ध्यो किन बन्धान १०८
कहि प्रोहित तब जोरि कर, कैल पुरा प्रभु काज ।
गुरु सलिता ए गोमती, सलितनि मैं सिरताज १०९
अमर राण इँहि आइके, किन्नौ हौ कमठान ।
परि सरिता पय पूर तें, बन्ध्यो नहीं बंधान ११०

बिधि कित्तहि जौ ए बंधै, तौ सर सायर तोल ।
होइ सही कै हिन्दुपति अवनि सुनाम अडोल १११॥
सुनि ऐसी मह प्रभु श्रवन, करी हाम सर काज ।
अनुक्रमि आए उदय पुर, सब दल बद्दल साज ॥११२
संबत सतरासै सु परि, संवच्छर दस सात ।
उतरयौ मास असाढ़ कौ, बिन घन बज्जत बात ११३
श्रावन किंपिन हूं अयौ, भाद्रव परि दुर्भष्य ।
मेघ बिना नवखंड महि, प्रज चल चलिय प्रत्यष्य११४
बिकल भये नर अन्न बिन, भूगहिं अभख भखन्त ।
कन्त तजत निज कामिनी, कामिनि तजत सुकन्त ११५
मात पिता हू निठुर मन, बेंचत बालक बाल ।
रर बरि रंक करंक परि, दिशि दिशि रोर दुकाल॥११६॥
पशु पक्षी पाए प्रलय, प्रजा प्रलय पावन्त ।
कोपिय काल कराल कलि, धीर न कोइ धरन्त११७

॥ कवित्त ॥

पश्चिम पवन प्रचंड बजत अहनिसि सु बंध बिनु ।
अथिर उतारू आभ प्रात प्रहरेक बहत पुनि ॥
क्रूर अधिक करि किरन तपत मध्यानहिं तापन ।
प्रचलत पश्चिम पहुर अनिल शीतल असुहावन ॥
निशि तार नखत्र निर्म्मल निखरि बद्दल बिद्युत
गाज बिन । भय भीत चिन्ह दुरभक्ष के देखि
सकल जग भौ दुमन ॥ ११८ ॥

छन्द हनुफाल ।

भय भीत परि दुरभक्ष, प्रज बिचलि चलिय प्रत्यक्ष । प्रगट्यौ सु प्रलय प्रचंड । षरहरिय क्षिति नव खण्ड ॥ ११९ ॥

नद नदिय सर सुषि नीर । धनवन्त हूं तजि धीर ॥ तुलि अन्न कंचन तोल ॥ महग्राघ मिलत न मोल ॥ १२० ॥

उत्तमहु तजि आचार । आदरिय एकाकार । शुचि साच सत सन्तोष । दुरि गए अन्नहि दोष १२१॥

बल बुद्धि बिनय विवेक । कुल जाति पांति सु टेक । परहरिय निय परिवार । लागन्त अन्नहि लार ॥ १२२ ॥

सगपन सयान सु गेह । नर नारि हूं तजि नेह ॥ बिन अन्न जग बिललन्त। भूषेति अभषं भषन्त॥१२३॥

उलटे बराक अनन्त । चहुं बरन दीन चवन्त ॥ गृह गृहनि ग्रास उच्छिष्ट । अति अरस बिरस अनिष्ट ॥ १२४ ॥

मागंत कहि मा बाप । कुननन्त करत कलाप। दारिद्र तनु दुरवेश । कश्चित रु बढ़ि नष केश ॥१२५॥

हिल्हरित पट लटकन्त । जन जन सु जिन्ह हटकन्त । कर मध्य खप्पर षण्ड । वपु हीन क्षीन वितण्ड ॥ १२६ ॥

भिननन्त मक्खी भूरि। चित चलित चिन्ता पूरि॥ जहँ जुरत कछु तहँ खात। तजि वर्ग मात रु तात॥ १२७॥

फल फूल मूल रु पात। तरु छालि हू न रहात, ररबरत लोक बराक। खोजन्त भाजी साक॥१२८॥

मन निठुर करि पिय मात। लहु बाल तजि तजि जात॥ केईस विक्रय करन्त। निज बाल तजत रुदन्त॥ १२९॥

परि पुहवि रङ्क करङ्क। को गिनति कहि करि अङ्क। दिशि विदिशि बढ़ि दुव्बास। पलचरनि पूरिय आस॥ १३०॥

पशु पंखि प्रलय प्रजन्त, चुग चार हू न लहंत। मानसहि मानस लग्गि। जहँ तहँ सुरोरति जग्गि॥१३१

इल नगर पुर उज्झंस। नर जात बहु निर्वन्स। मुरझन्त जल बिनु मीन। त्यों विश्व अन्न विहीन१३२

॥ कवित्त ॥

बसुमति अन्न बिहीन दीन दुखित तनु दुब्बल।
ससत निसत सरफरत, कितकु तरफरत ग्रहित गल।
कितकु करुन कुननंत मक्खि भिननन्त दसन मुख।
कितकु धीर न धरन्त हीय हहरन्त दुसह दुख॥
टलटलिय बिटल घन टलबलत गिरत परत अन्तक हरत। हट श्रेंणि चोक त्रिक उमग मग रङ्क करङ्कति रर बरत॥ १३३॥

॥ दोहा ॥

अनाधार असरन असत, आसा भङ्ग अतीव ।
प्रलय होत प्रज पङ्खि पशु, जलचर थलचर जीव१३४
जानि महा दुर्भक्ष जब, दयावन्त दीवान ।
प्रतिपालन जग की प्रजा, मन्त मतै मति मान१३५
सिखरी बिचि गोमति सलित बंधि महा बंधान ।
करै कोटि धन खरच करि सरवर उदधि समान१३६
प्रजा सकल उहिबिधि पले, भगे भूष दुर्भक्ष ।
अचल सु जस प्रगटै अवनि, सुक्रत मेर सद्रक्ष १३७
ठीक एह ठहराइ कै सज्जि सेन चतुरंग ।
आए गोमति सलित तहं अद्रि अनेक उतंग ॥१३८॥
लेइ सु महुरत सुभ लगन, परठि नीम पायाल ।
लगे नारि नर केइ लष, दूर भगो सु दुकाल १३९॥

॥ कवित्त ॥

संवत्सर दह सत्त सत्त दह संवत सोहग ।
मण्डि महा कमठान जानि दुरभष्य सकल जग ॥
पोस अष्टमिय प्रथम बार मंगल वर दाइय ।
नायक हस्त नक्षत्र सिद्धि वर योग सुहाइय ॥
तिहि दिवस सकल मङ्गल सहित परठि नीम पा-
याल मधि । राजेस राण रचि राज सर नितु नितु
बहु बिलसन्त निधि ॥ १४० ॥
सहस एक गजधर सुमन्त कर कनक रूव गज ।

एक एक गज धर सु अग्ग सत सलपकार सज ॥
बिबुध विश्व कर्म्मा समान सु सयान सलप श्रुत ।
बेलि वृक्ष बहु बिध बिचित्र सुर असुर अलंकृत ।
लगि बेलदार नर उभय लष क्षिण क्षिति धर झारन्त खनि । कन्धे कुदाल दन्ताल कसि ते नर उभंति लरक्कु गनि ॥ १४१ ॥

चउलष प्रबल मजूर लगे कमठान नारि नर ।
सकट अद्ध लख सकल वृषभ लख लक्ख महिष वर ॥
लक्खक करभ सुलेखि और प्रवहन अपरम्पर ।
दिन प्रति सहसदि नार खरच लग्गत साडम्बर ॥
प्रति दिशहिं कौस पँच दश परधि हार डोर लगि गिरि गहन । राजेश राण रवि राज सर धर पद्धर किय सघन बन ॥ १४२ ॥

सलित पाट सु बिसाल अधिक डोरी अष्टादश ।
मध्य पुलिन मरु थल समान चलि सकत न मानस॥
बहतु बाह षट ऋतु प्रवाह वल सीर सजल जल ।
सकति थान सोभा निधान तिन तट शोहरि तल ॥
थिर थप्पि नीम तिन यह प्रथम पट्टकट्टि पत्थर प्रबल । घनरहट बरस ढिंकुरी करि सोषि रसातल जल सकल ॥ १४३ ॥

उग्गम दिसि तिन अग्ग अचल इक कास सहज तट
तिन अग्गे फुनि नीम दीन दुअ काेश दिग्घ थट ॥

गजपण तीस गुहीर साल सु बिसाल साढ़ सत ।
गज समान ग्रापा गरिष्ट मनु मंभि महीभृत ॥
शीशक सु पङ्क चूना सघन चेजागर लक्खक चुनत ।
ढोवन्त सहस नर मिलि सलप से सुवत्त कहत न बनत ॥ १४४ ॥

षनत केइ नर खानि पल्ल कट्ठन्त पहारनि ।
करत ग्रन्स चोरन्स सुघन जंबू रस भारति ॥
गढत केइ गुरु ग्राव सट्ट नीये न टंकि सुर ।
सकटनि केइ धारन्त सबर मिलि मिलि सहसक नर।
ग्रानन्त उमग्गनि मग्ग परि ज्यों पटगर ताना तनत । राजेश राण रवि राज सर से सुबत्त कहत न बनत ॥ १४५ ॥

सत्त बरस सम्बन्ध नीम सोभन्त लगे नित ।
लगी दिनार सुलक्ख ग्रधिक जल राशि उलिंचत ।
बन्ध्यों तदनु बँधान हिन्दुपति कीन महाहठ ॥
महधन भये मजूर भग्यो दुरभष्य भैर भट ॥
मंगल गावंत मजूर तिय लुम्ब भुम्ब भूषन लसति ।
ग्रासीस बदन्ति ग्रनेक तिय चिरजीवहु चीतोर पति ॥ १४६ ॥

इंद्र सभा ग्रनुहारि सभा सरवर उपकंठहि ।
मंडि ग्राप महाराण ग्रङ्ग उलसत उतकंठहि ॥
सब नर तियनि सुनाइ हुकुम श्रीमुखहिं हंकारत ।

करहु सुधारि सु काम नवल कमठान निहारत ।
चहुँ ओर दरोगा चौकसिय केइ सावधानी करत ।
आलंबि पौनि छत्तीश प्रजहार भोर जग मन हरत१४७
सेढी बुरज सवार चुनत केई चेजागर ।
सिङ्गी काम सपल्ल पल्ल ढोवन्त केइ नर ॥
किते महिष भरि गारि पालि पूरत पर्व्वत सम ।
गाहत केइ गजराज काज दृढ़ बन्ध क्रमं क्रम ॥
केई सु खोर चूना बहत खनत केइ सर मध्य
षिति । राजेश राण रचि राजसर इहि परि किय
आरम्भ अति ॥ १४८ ॥
बरस सत्त बरसन्त प्रबल जलधर रितु पावस ।
मिलि बहु सलित मिलाप जलधि ज्यों जानि महा
जस ॥ सलित भरयौ सु बिसाल पंच दस कोस प्रमा-
नह । गंगाजल गोषीर सुधा सेलरी समानह ॥
जंगम जिहाज सु गढ़ाइ जब जल क्रीड़ा क्रीड़न्त
नृप । शीतल तरङ्ग मारुत सहित हरत ग्रीष्म ऋतु
दाघ तप ॥ १४८ ॥

छन्द हन्सचार ।

पढ़ मन्तह नीम पयाल पइठ्ठिय सु विसालह
गज सढ सयं । गजधर द्रग सहस सलप विधिग्यायक
बेलदार नर लख बियं ॥ उडह सु अलेख लगे आर-
म्भहि हरषित चित्तरु मुख हसे। राजेस राण महोदधि

रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसे ॥ १५० ॥

गज्जंते जल गभीर गोमती नीर निरन्तर सबल नदी । बंधी गुरु हठ करि उभय अद्रि बिचि वृद्धि पाल अति तुंग बदी ॥ बहु कोश प्रमित दीरघ बलवन्ति दुर्गारूप चहुं दिसि दरसें । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १५१ ॥

संख्या को कहे बहू तह सेढी सबल बुरज जानि कसी षरी । तिन उपर महल विपुल अति तुङ्गह कन मोल कोल नीकरी ॥ नव लख लगो धन तिहुन बचो किय लछिवती गुरु पालि लसें । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १५२ ॥

जल भर्यो अथग गंग जल जैसो शुचि सुगन्ध शीतल सरसं । षोडस बर कोस सहज गोखीरह सुनिये सब देशहि सुजसं ॥ पीयूष सरिस पय युग मुख पीवत अधिक अमर नर तनु उल्हसें । राजेस राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥१५३॥

मंड्यो मह यज्ञ मिले बहु महिपति द्विज चारन घन भट्ट दलं । गज बाजी यूथ सय सेवक गन जान कि उलटे उदधि दलं ॥ सु प्रतिष्ठा कीन सत्त दह संवत बतीसे उत्तम बरसें । राजेस राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १५४ ॥

मासोतम माह रच्यो सु महोत्सव पेखन आये देव पती । सुर वर तेतीस कोटि सिद्ध साधक जत्थ

जुरे नव नाथ जती ॥ बनि ब्योम विभान विष्णु शिव ब्रह्मह विविध कुसुम सुरभित बरसें । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १५५ ॥

गन्धर्वं नचन्त सु गायन गावत गज्जत नभ घन राग गहे । वादित्र बहूबिध घोष सु बज्जत रवि शशि रथ थिर होइ रहें ॥ वेदंतीय विप्र सु वेद बदन्तह हवन करंत सु सन्त रसें । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १५६ ॥

दसमी रु विचार बिचारि विजय दिन सुर प्रतिष्ठो हुश्र सुखं । रचि कनक तुला राजन मन रंगहि दूरि करन दारिद्र दुखं ॥ जाचक जन केइ सु कीन श्रजाचक दान कि पावस घन बरसें । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्र रच्यो सुरसें ॥ १५७ ॥

हय दीने दत्त सु केइ हजार करि केई बगसीस किये । दीने बहु ग्राम श्रनग्गल दोलति युग युग योँ जाचक जिये ॥ करिहे कें। यज्ञ सु इन कलिकालहि यज्ञ सु इन सम जगत जसें । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १५८ ॥

धनि धनि तुम बंश पिता तुम धनि धनि धनि जननी जिन उयर धरे । धनि धनि तुम चित्त उद्दार धराधिप काम सु चिन्तित सफल करे ॥ पुहवीं तुम धन्य सकल हिन्दू पति धनि धनि तुम जीवत

धुरसे । राजेश्र राण महोदधि रूपहिं राज समुद्द रच्यो सुरसे ॥१५८॥

निरखन्त सरोवर जानि पयोनिधि पालि कि पव्वय रूप पहू । सलिता सम मिलन अधिक जल संचय विलसत जलचर जीव बहू । सारस कल हन्स बतक बग सारस चक्रवाक युग सुक्ख बसें । राजेशर राण महोदधि रूपहिं राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥१६०॥

प्रगटे जे तित्थ प्रयाग रु पुष्कर एकलिंग अर्बुद शिखरं । द्वारामति सेतुबन्ध रामेश्वर रेवत गिर मथुरेश वरं ॥ सुकृत तिन दरस स्नान जिन सलिलहिं कलिमल संकट दुष्ट नसें । राजेशर राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६१ ॥

गुरु तर कल्लोल मरुत युत गज्जहि जग जन सेवित जास जलं । केई नर नारि चतुष्पद क्रीड़त दिशि दिशि पूरित नीर दलं ॥ आयो इह यान कि क्षीर उदधि इहि मेद पाट महि दरस मिसे । राजेसर राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६२ ॥

नैन निरषन्त करहिं दृग निरमल स्नान सकल संताप हरे । पय पान करंत सु पीड़ प्रणासहि कवि मुख कित्तिक कित्ति करें ॥ अवतार सफल जिन दृग अवलोकित राज सरोवर चित्त रसें । राजेशर राण

महोदधि रूपहि राज समुद रच्यो सुरसें ॥ १६३ ॥

कोटिन धन जिन लग्गौ जिन कमठानहि कोटिक धन युत जग्य कियो । निय नाउ सुजस प्रगटयो नव खण्डहि जय हिन्दूपति सफल जियो ॥ सुर भवन सुजस बोले इह सुरगुरु विबुधाधिप सुनि सुनि बिहसे । राजेश्वर राण महौदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६४ ॥

चम्पक सहकार सदाफल चन्दन श्रीफल पुंगी सीयफलं । सहतूत अशोक विदाम सरौसिय रम्भा राइनि ताल कुलं ॥ दारिम जम्भीरि दाष बोलसिरी तर वर सरवर सकल दिसें । राजेश्वर राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६५ ॥

अषियात् अचल युग युग अवनीपति निश्चल किय भल निज नामं । ससि रबि सुर शैल अवनिसुर सलितह कन्स मलन शिब बिधि कामं ॥ श्री देवि शिवा सावित्री सुरवर तोलें कित्ति कलानि हसें । राजेश्वर राण महोदधि रुपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६६ ॥

अम्बर बर पत्र मिषी पयअम्बुधि लेखिनि वज्र सुरेश लिखे । अवदात तऊ परि पारन आवहि राण सु हिन्दू धर्म रखे ॥ सुरही जन सन्त सु विप्र सहायक बसुधा गयहय धन बगसे । राजेश्वर राण महो-

दधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६७ ॥

रबिबंश बिभूषन जय हिन्दू रबि तिलक तुही सब हिन्दु जनं । असुरेस उथप्पन बीर अभङ्गह घन दायक तुम सुजस घनं ॥ राजे राजेन्द रिधू तुम राजस दौलत काइम प्रति दिवसें । राजेश्वर राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६८ ॥

सविता ज्यों ससी सलिलनिधि ज्यों सर रटिये ज्यों बासर रजनी । केहरि मृग कनक लोह अन्तर मौक्तिक जल कन मुक्कर मनी ॥ इह भांति सु राण असुरपति अन्तर यों उत्तम कवि उपदेसें । राजेश्वर राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥१६९॥

षल खण्डन देव तुम्हारो षग्गह को समरगन होड़ करे । अवनीपति को तुव मीढ़ सुआवहि तोयधि को निज बाहु तिरें ॥ जगराण सु नन्द सदा चिरजीवहु बोलत मान सु ज्ञान बसें । राजेश्वर राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १७० ॥

॥ कवित्त ॥

सु रच्यो राज समुद्द रूप अट्ठम रयणायर ।
राजसिंह महाराण हरष करि हिन्दू बायर ॥
उत्तम तीरथ अवनि सफल भव होत संपिखत ।
राज नगर रमणीक राज गढ़ सुख छहू ऋतु ।
धनि धनि सु बंश पित माय धनि अवनि नाउ

नितु नितु अचल। जगतेश राण पाटे सु जय बदत
मान बानी विमल ॥ १७१ ॥

महियल जितै मंडान दखियें जिते दिगन्तह ।
सूर जिते संचरैं पवन जेते पसरत्तह ।
जिते दीप अरु जलधि जानि ससि तारक जहँ लग।
जिते बृष्टि जलधार जिते नर नारि रूप जग ॥
इल जितीक अष्ट कुली अचल बसुमति देखिय सम
विश्रम । कवि मान कहे, दिट्ठो न कहुं सरवर राज
समुद्द सम ॥ १७२ ॥

इति श्रीमन्मान कवि विरचिते श्रीराजविलास शास्त्रे श्री
राज समुद्र वर्णन नाम अष्टम विलास: ॥ ८ ॥

———:0:———

दोहा ।

श्री राजेशर राण जय, जित्तन ओरंगजेब ।
षल षंडनि षूमान ए, टलैं न ध्रुव ज्यों टेव ॥१॥
देव कहा दानव कहा, असपति कहा यु आइ ।
राजसिंह महाराण सों, जीति न कोई जाइ ॥२॥
अचल रज्ज इक लिंगवर, महियल ज्यों गिरि मेर ।
रिधू राण राजेशवर, जिन किय आलम जेर ॥३॥
किहि विधि बित्यो एक लह, उपज्यो क्यो सु उपाइ ।
सो संबंध गुथिय सरस, सब प्रति कहो सुनाइ ॥४॥
आदि वैर हिन्दू असुर, धरनि धर्म दुहु काम ।
कोटिक इन बित्ते कलष, सबल करत संग्राम ॥५॥

वसुमति हिंदू नृप बड़े, इला हिंदु आधार।
धरनि शीश हिंदू धनी, भामिनि ज्यों भरतार ॥६॥
जोर भये महि म्लेच्छ जब, तब हरि जानि तुरंत।
आप धरे अवतार दस, आनन असुरनि अन्त ॥७॥
इल त्यों हरि अवतार इह, राजसिंह महरांण।
ओरंग से असुरेस सें। जीते जंग जु आंन ॥ ८ ॥
असपति परि ओरंग अति, कूर कपट के कोट।
जिन मारे बंधन जनक, अल्लह दै बिचि ओट ॥९॥

छन्द पद्धरी।

दिल्लीस साहि ओरंग दिट्ठ, रुक्कै व पिता रद्यहि बइट्ठ। विश्वास देइ तिन हने बंधु, ऐ ऐसु दुष्ट उर रद्य अन्धु ॥ १० ॥

निय गोत सकल करिकैं निकंद, सुलतान भयो छल बल सु छंद। मन्नैन चित पर बुद्धिमंत, दस मुख समान अहमेव वंत ॥ ११ ॥

जिन जीति प्रथम उज्जेनि जंग, सेना असंख कमधज्ज संग। दस सहस बुत्थि पर बुत्थि दिन्न, हय गय अनेक भय छिन्न भिन्न ॥ १२ ॥

संग्राम धोलपुर फुनि सु सज्जि, भय मन्नि साहि सूजा सु भज्जि। पत्तो सु भूमि दरियाव पार, इन साहि भीति तोऊ अपार ॥ १३ ॥

अल्लह सु देइ निज अंतराल, सु मुरादि साहि

उर जानि साल । करकरिय छुरिय लहु बंधु कंठि, गुरु भार बंधि जिन पाप गंठि ॥ १४ ॥

जय पत्त तृतिय अजमेर जुद्ध, बंधू सु साहि दारा बिरुद्ध । सोई कहंत लीनो संहारि, यों सकल सहोदर जर उखारि ॥ १५ ॥

एकल्ल भयो पतिसाह आप, पहु प्रगट कलंकी ज्यों प्रताप । न मुहाइ जास षट दरस नाँउ, धीधिट्ठ दुट्ठ बहु पाप धाउ ॥ १६ ॥

नव लख तुरीय पर वर सनाह, गय सहस पंच मनु वारि वाह । सज होत शीघ्र जिन चढ़त सैंन, रवि चंद बिब ढके सुरेनु ॥ १७ ॥

जिन साहिजाद पन अप्प जोर, धंधल मचाइ गढ़ कज्ज घोर । दोलतावाद लिन्नो यु दुर्ग्ग, सुलतान तास पहुचाइं स्वर्ग ॥ १८ ॥

गुरु गाढ़देव गढ़ देश गुंड, नृप छत्रसाहि जसु देत दंड । हरिवर्ष हून इक्क लख हेत, लग्गो जु प्रेत मनु भरव लेत ॥ १९ ॥

फुनि लयो दुर्ग्ग पूना प्रधान, थिर धरिय तत्थ अप्पन सु थान । भारत्थ दक्खनिय राइ भंजि, रप्यो सु बोल असपत्ति रंजि ॥ २० ॥

बस किंनह बीजापुर विसाल, भरि दंड भूमि रखै भुवाल । इहि भंति दिशा दक्षिनहि आंन, जिन

साहि कौन जानत जिहान ॥ २१ ॥

दिशि पुब्ब सिद्धि आसाम देश, पयपंथ जास तिहु मास पेश । मंडलह सोइ दरियाव मष्ष, जगती सुलई जिन करिग भुष्ष ॥ २२ ॥

कुरु कासमीर कासी कलिंग, वैराट धाट बब्बरह बंग । बंगाल गोड़ गुज्जर विदेह, सोरट्ठ सिंधु सोबीर छेह ॥ २३ ॥

मुलतान खांन मरहट्ठ सार, पंजाब पंच पय सिंधु पार । मेवात मालपद आदि देश, जिन साहि आन विब्बर विशेश ॥ २४ ॥

दरबार जास घन दोइ दीन, अनमिष्ष नैंन ठह्है अधीन । सेवंत जोर युग कर सु ठीक, महाराज राज बर मंडलीक ॥ २५ ॥

उमराव षान इहि बिधि अनेक, प्रनमंत जास पय छंडि टेक । द्वादश हजारि जनु हुकमि दूत, परवार छंडि परदेश पूत ॥ २६ ॥

इक भरत दंड इक मिलत आइ, पारी यहि इक पतिसाह पाइ । इक परत बंदि जसु नृप उधुत्त, परिकर समेत तिय भ्रात पुत्त ॥ २७ ॥

चौरासि अवल्लिय रूप चारु, चौबीस पीरि कामाति धार । यप्पै स अप्प तुरकान थान, काजी कतेव कलमा कुरान ॥ २८

रसना रटंत महमद रसूल, ईदह निवाज रोजा अभूल । बाराह छंडि गो सत्य बैर, सुदि पष्ष वीय बंटै सुषेर ॥ २८ ॥

गरवर वदंत पारसि गुमान, प्रासाद तित्थ षंडे पुरान । महकाल थान मह जीव मंड, ओरंग साहि आलस अदंड ॥ ३० ॥

॥ दोहा ॥

करे सोइ असपति कुरस, सब दिन हिंदू सत्थि ।
जिन उज्जैनीं जंग जुरि, लुंठिय असुरनि लुत्थि३१॥
फुनि हुरंम धवला पुरहि, कर लुट्टी कमधज्ज ।
महाराय जसवंत नै, कोटिक कनकह कज्ज ॥३२॥
सैंमुख न मिले साहि सों, कूर राय कमधज्ज ।
सिंह रुप जसवतसिंह, जोधपुरा युग रज्ज ॥३३॥
सो दुख सल्लौ साहि उर, गस धरि बछै गैर ।
सुर धरपति महाराय सों, वहै अहो निसि वैर ३४॥
मुंह मिठो रुट्ठो सुमन, पारधि ज्यों सुर पुंगि ।
असपति ओरंग साहियों, कमधज हनन कुरंगि ३५॥

॥ कवित्त ॥

अरवे ओरंगसाहि सुनहु जसवंत सिंह नृप । महियल तुम महाराय तरणि ज्यों प्रगट रव्यतप ॥ अव हम सो असपती भये तप पुब्ब भाग बल । तुम आवहु हम सेव अधिक तो देहु अप्प इल ॥ है विधि रसूल अब तुम रु हम बहुरि कबहु कर नह बिरस । नन लषे कोइ इह निपुन हू गहिय साहि इहि भंति गस ॥ ३६ ॥

॥ दोहा ॥

कपट सुलषि कमधज्ज कहि, साहि कहो सो संच।
परि तुम वा यक पलट ते, षिन न करो षल षंच॥३७॥
तिन कारन तुम दुसह तप, जिय हम सहो न जाइ।
दीजै हुकुम सु दूरि तें, धर त्यों लीजै धाइ ॥ ३८ ॥

॥ कवित्त ॥

सँमुख न मिलो साहि निकट तुम सीस न नाऊं। बन्दौ तुम बिश्वास और चढती रन आऊं॥ देस सन्धि दिग्गपाल रहो रिपु थानहि रक्खन। मैं इह मीनति होइ और कछु बहुत न अक्खन॥ सुविहान आन शिर धारिहौं तपै सोइ दिल्ली तषत। कमधज्ज राइ जसवंत कहि राखें पतिसाही रषत ॥३९॥

॥ दोहा ॥

नावै ढिग कमधज्ज नृप, सुनियो औरँग साहि।
निफल पुब्बमति जानि निज, मते मंत मन मांहि॥

छन्द पद्धरी।

फुनि रच्यो एक पतिसाह फन्द। निय केद करन कमधज नरिन्द॥ फिरि लिख्यो दुतिय फुरमान मान। बहु नरम भास राजस विनाम ॥ ४१ ॥

अबनी सुव धारे अधिक आन। परगना एकतीसह प्रधान॥ सजि उभय तुरङ्गम कनक साज। शिरपाव ऊंच जरकस ससाज ॥ ४२ ॥

मुख वैन ओर यों अक्खि मिट्ठ। आलम पगार

तुम बिरद इट्ठ ॥ ध्रुव टेक एक तुम साइ धर्म्म।
कमधज्ज राय बर ऊंच कर्म्म ॥ ४३ ॥

पतिसाहि थंभ तुम भूमिपाल । दिल्ली यु
नगर तुम ही सु ढाल । अहमदाबाद थानह सु ऐन
थिर रहो हुकम हम मन्ति चैन ॥ ४४ ॥

सुप्रसंस इती अनुगहि सिखाइ । पतिसाहि वेग
दीनो पठाइ ॥ पहुंचो सु दूत महाराज पास। सुव धार
अप्पि गुदरे नृहास ॥ ४५ ॥

अहमदाबाद थानह सु अक्खि। सिरपांव आदि
गुदरे स सक्खि ॥ राखे सुथान फुरमान राज । बसु-
मती बधारह बाजिराज ॥ ४६ ॥

शिरपांव साहि पठयो यु सोइ । तिन सौं
अमेल ज्यों तेल तोइ। तिहि कद्य तेहि पहिरयो न
ताम । कछु जानि तत्य कलिकूट काम ॥ ४७ ॥

पहुचयो सोइ षावास पानि । महाराय मन्त
जनु देव मानि ॥ संतोषि दूत पाठयो साहि ॥ तप-
नीय साज हय दीन ताहि ॥ ४८ ॥

शिरपाव मुत्ति माला सतेज । शुभ षान पान
आसन सहेज ॥ मनुहारि करी इक राखि मास।
पठयो सु दिल्ली पतिसाह पास ॥ ४९ ॥

ओरङ्ग साहि भेजो सु अत्य । परख्यो नरिन्द
सरपाव तत्य ॥ पहिराइ अन्य पुरुषहिं सु प्रीति ।

वर हंस तास तनु ते व्यतीत ॥ ५० ॥

ए ए सुबुद्धि कमधज्ज अंग । सब कहत सूर सामन्त संग ॥ घण घल्लि साहि विश्वासघात । महा-राय करी सानूल मात ॥ ५१ ॥

पतिसाह जोर किंनो प्रपंच । राठोरराय चूक्यो न रंच ॥ जग मज्झ जास तप भाग जोर । किं करे तासु रिपु छल कठोर ॥ ५२ ॥

अवलोकि असुर पति कृत अनीति । भग्गो विसास नृप मन अभीति ॥ अमरष गुमान बाढ्यो अछेह । राखे अमेल जनु अद्रि रेह ॥ ५३ ॥

इक कहे पुब्ब पच्छिम सु एक । पग पगहिं पन्थ भाषा प्रत्येक ॥ धर धरें इक्क वर क्षत्रि धर्म्म । कलि करें इक्क घन म्लेच्छ कर्म्म ॥ ५४ ॥

वाराह इक्क इक सुरहि बैर । इक हनत हक्कि इक करत गैर ॥ इहि भंति उभय नृप भो अमेल । सल्ले सु साहि उर जानि सेल ॥ ५५ ॥

नन छल्यो जाइ कमधज्ज नाह । अभिनव सु बुद्धि अंबुधि अथाह । चढ़ि समुष युद्ध जो करो चूक। इनसो न तऊ जित्तों अचूक ॥ ५६ ॥

सब एक होइ एहि हिन्दु साज । राजेश राण सगपन सकाज ॥ हाडा नरिन्द गढ़ पति हठाल । भल भाव सिंघ बुन्दी भुवाल ॥ ५७ ॥

तो लेहि दिल्ली चढ़ै तुरङ्ग। जुरि जोर घोर हम सत्थ जंग ॥ बर बीर धीर बल बिकट बंक। सुलतान चित्त यों पत्त संक ॥ ५८ ॥

॥ कवित्त ॥

संकै चित्त सुलतान घोस निसि मन न मिटै डर। जोधपुरा जसवन्तसिंघ महाराइ जोर वर ॥ न मिलै चित्त निराट सैल पाषान रेह सम। असुरान उत्थपै धरै धर एक्क क्षत्रि ध्रम ॥ सिरपाव साहि औरंग को पहिरे नहिं कबहूं सु यहु। अति टेक लिये असुरेस सों बैर भाव राखे सु बहु ॥ ५९ ॥

॥ दोहा ॥

जहां बैर तहां बैर बहु, मेल तहां बहु मेल।
मन वित भग्गो ना मिलै तेसे तोय रु तेल ॥ ६० ॥

॥ कवित्त ॥

बढ़य बैर तें बैर मिलन तें मिलन बढ़य मन। चित्त वित्त तें बढ़य रिनह तें बढ़य अधिक रिन ॥ बुद्धि बुद्धि तें बढ़य रज्ज तें बढ़य रज्ज सिधि। लोभ लोभ तें बढ़य सिद्धि तें बढय सकल सिधि ॥ बढ़यं सु बीज बर बीज तें मान मान तें बढय महि। अबगाढ़ साहि औरंग तें गाढ़ अधिक राठोर गहि ॥ ६१ ॥

मन भग्गो नन मिलय मिलय नन भग्गो मुत्तिय। सार भग्ग ननु संधे पल्लै हासु प्रपत्तिय। कोटिक

किये कलाप दूध फट्टो न होय दहि । बाक हीन फिरि बाक किंपि नन होइ लोक कहि ॥ तुठ्ठो यु तार जोरे तऊ परैं गंठि दुहु मज्भ पुन । ओरंग करे सनमान अति मिलै नहीं महाराय मन ॥ ६२ ॥

इक कहि क्षत्री ऊंच एक तुरकान सु अक्खहिं । बिधि रक्खहि इक बेद राह कुन वाहि करक्खहिं ॥ बधै इक्क बाराह इक्क उर हुट्ट सुरहि उरि । रटें इक्क मुख राम इक्क रसना रसूल ररि ॥ मन्नै सु इक्क दिशि पुब्ब मन इक पच्छिम दिशि अभिनमय । जसवन्त राय दिल्लीस युग राति द्यौस बादहि रमय६३

॥ दोहा ॥

जसपति राजा जीव तें ससकत भग्गी साहि ।
सल्लै आड़ो सेल ज्यों ओरँग के उर मांहि ६४ ॥

॥ कवित्त ॥

जीवन्ता जसवन्तराय मुरधरहि रट्ठवर । मिलो न कबहूं मान साहि ओरंग हि सर भर ॥ सँमुख न किय सलाम आन असपती न अक्खिय । कज्ज सु जान्यो कियो हद्द हिँदवानी रक्खिय ॥ महराज सोइ पत्तो मरन ब्रह्म विष्णु शिव जासु बस । ए ए असार संसार इह सार एक युग युग सुजस ॥ ६५ ॥

॥ दोहा ॥

युगल पुत्त जसराज के, युग लहि लहु पन जान ।

बरस इक्क पत्ते सु वय, सहसकिरन हय मान ॥६६॥
ते नृपसुत लहु जानि तव, अरि ओरँग सुलतान ।
पिता बैर घन पुत्त सों, पोषन लगा सु मान ॥६७॥

॥ कवित्त ॥

बैरी न तजै बैर जानि निज समय जोर वर ।
मूसहि ज्यों मंजार मच्छ ज्यों बगल मज्झ सर ॥ राजा
जसपति रह्यो अहोनिशि हम सो अरुझौ । अंगज
तिनके एह जोर इनको कुल जज्झौ ॥ पारोध पिशुन
ए पत्तले संपति हय गय लेहु सब । ध्वित्त सु साहि
ओरंग चित्त इह ओसर आयो अजब ॥ ६८ ॥

॥ दोहा ॥

इह ओसर आयो अजब महाराज गय मोष ।
भू असपति हू अब भयौ दूरि गयौ सब दोष ॥६९॥
बैरी थान बिडारिये कहें लोक यों कत्थ ।
यवन सु थप्पो जोधपुर, ए बालक असमत्थ ॥७०॥
राजा बिन को रट्ठबर जुरिहैं हम सों जंग ।
धरो तुरक नृप मुरधरा इह चिन्तय ओरंग ॥७१॥
पठयो दूत सु जोधपुर, करि पतिसाहि किताब।
सकल रट्ठबर सत्थ सों, सो कहि जाइ सिताब॥ ७२॥

॥ कवित्त ॥

सकल रट्ठबर सत्थ सुनहु सामन्त सूर वर ।
जे राजा जसवन्त अधिक संचे धन आगर ॥ सो मंगे

सुलतान साहि ओरंग समत्थह । तो सु योधपुर तुम हि सकल मुरधर धर सत्थह ॥ बगसें सु फेरि सुबिहान बर महिरवान फिर होइ मन । षपि जाय षान उमराव तसु धरैं सु साहि षजान धन ॥ ७३ ॥

॥ दोहा ॥

तागीरी न तरकि तुमहिं, मुरधर देश महन्त ।
प्रभु सेवा ते पाइहो, औरहि अवनि यु अन्त ॥७४॥
इहि पतिसाही रीति अति, कूर न मिट्टय कोइ ।
अचल चलय सलसलय अहि, जल जो उत्थल होइ ॥
सुनियो कमधज्जह सकल, मते मन्त मतिमान ।
पातिसाहि जान्यो पिशुन, अक्खै करि अभिमान ७६

॥ कवित्त ॥

हम जोधपूरा हिंदु धनी हम आदि मुरध्धर । हम कुल इनी न होइ दण्ड दै रहैं साहि दर ॥ जो कोपै यवनेश तऊ इह धर शिर सट्टैं । राखैं हम रजपूत कूर दानव दल कट्टैं ॥ आसुरी रीति नाहीं इहां धन गृह दै रक्खै धरनि । यों कहो साहि ओरंग सों फुरमावै ऐसी न फुनि ॥ ७७ ॥

॥ दोहा ॥

जान्यो नृप जसवन्त को पत्तो ही पर लोक ।
ऐसी फुनि औ रंग जू फुरमाओ जिन फोक ॥७८॥
जानो कबहू एह जिन, हम तुम हुकमी होइ ।

धन सट्टैं रक्खे धरनि, षग्ग महा बल षोइ ॥७९॥

॥ कवित्त ॥

षेती हम कुल षग्ग षग्ग हम अषय षजानह । षग्ग करैं बस षलक नाम हम षग्ग निदानह ॥ षल दल षंडन षग्ग षेत इच्छत हम षग्गह । क्षिति रक्षन फुनि षग्ग अहितु भग्गो इनि अग्गह ॥ षग धार तित्थ क्षत्री धरम आवागमनहि अपहरन । सो षग्ग बन्ध हम सूर सब धरय न साहि षजान धन ॥ ८० ॥

धन षजान नहि धरय करय नन एह नबल कर । जे कीनी जसराज सेव सो करिहैं सुन्दर ॥ आगे हू आलमह भये बड़ बड़े महा भर । किनहि न ऐसी कीन धरे किन तुरक मुरध्धर । निश्चे यु एह ह्वै है नहीं रसना ए नर पट्टिहो । कमधज्ज रज्ज करतार किय महियल सो क्यों मिट्टिहों ॥ ८१ ॥

॥ दोहा ॥

जा ऐसी यवनेस सों जंपहु दो कर जोरि ।
किंपि न दै रट्ठोर कर कैसी लक्ख करोरि ॥८२॥
बेगि गयो दिल्ली बहुरि दूत साहि दरबार ।
सकल उदंत सुनन्त ही असपति कुप्पि अपार ॥८३

॥ कवित्त ॥

कितिक एह कमधज्ज हमहि सत्थैं रखे हठ । दोलति हमहि यु दीन सु तो समुझै न चित्त सठ८४॥

रक्षा हमारी रहे बहुरि हम सों षग बंधै। राजा करि हम राखि सरयु हम ही पर संधै॥ कृत हीन सकल कापुरुष ये कुटिल तें यु सूधे करों। असपती साहि औरंग हों धाराधर भुजबल धरों॥ ८४॥

बैरी ए बिष बेलि फले जनु रूष सरिस फल। जैसो नृप जसवन्त भयो त्योंहीं ए हैं भल॥ मार-वारि धर मारि बिदिग इन गिन गिन बट्टो। करि पद्धर गढ़ कोट के बिजन पद तें कट्टो। ल्याऊं सुख जन लछि सब कहों सोइ निश्चै करों। असपती साहि औरंग हों तौं भल दिल्ली पै भरों॥ ८५॥

यों कहि करि अभिमान तबल टंकार त्रहं किय। बज्जे चढ़न सुबग्ग हेट हय गय रथ हंकिय। नारि गोर धज नेजवान कमनैत बिबिधि परि। कुहकबान नीसान तोब सब्बान सोर भरि॥ चतुरं-गिनि सज्जिय असंख चमु जनु उच्छरिय समुद्र जल। बढ़ी अवाज घन सकल बसु जग्गि अग्गि आराब झल॥ ८६॥

सहस तीन सुंडाल मेघ माला बिसाल मनु। अंजन गिरि उनमान अंग चंगह उतंग धनु॥ झिलि कपोल मद झरत गुंज मधुकर ग्रहणंतह। दशन सउज्जल दिग्घ घंट घुघरू घ्रणणंतह। पचरंग झूल पट कूल मय सुज्झियर ढाल सिंदूर सिर। पिलवान

हत्थ अंकुश प्रबल बनि बहु बरन पताक बर ॥ ८७ ॥

उभय लक्ख बर अश्व सजड पर वर सपलानह । पंषी वेग पवंग पवन पय पंथ प्रधानह ॥ एराकी आरबी षेंग कबिला खुरसानी । साणोरा सिंहली कत्थि कांबोज किहाणी । काश्मीर किहाडा कोकनी चलत जानि मारुत चपल । षुरतार मार धरहरिय षिति प्रचलि शैल षुलि ईश पल ॥ ८८ ॥

पयदल सेन प्रचंड करषि कोदंड उदंडह । सनध बद्ध सायुद्ध चित्त अहमेव सुचंडह ॥ तोन सकति कटि तेग कुंत अरु ढाल सुकत्तिय । गुरज हत्थ किन गरुअ रोस भरि दिट्ठि सुरत्तिय ॥ मुररंत मुंछ मय मत्त मनु केइ तोव कंधे बहय । धमकंति धरनि जिन पय धमक रुप्पि पायरिन सुखर हय ॥ ८९ ॥

सुभर रत्थ बहु शस्त्र कवच बगतर कल हंकित । षच्चर भरित खजान सहस इक डोरि सु शोभित ॥ बहु बिधि रषत वषत्त करभ भरि भार अनन्तह । चढ्यो बाजि चकतेस घोष नोबती घुरन्तह । मचि सोर जोर रव लोक मुष हय हीसतु गज्जंत गय । सुनियै न सद्द घन भरि श्रवन भूमि सकल हयकंप भय ॥ ९० ॥

सत्तरि षांन सुसत्थ बलिय उमराव बहत्तरि । तरु बन घन तुट्टंत पुहवि उन मग्ग मग्ग परि ॥

रवि नभ ढंकिय रेनु चलत गिरि भय चकचूरह ।
सर सलिता दह सुक्कि पसरि दिसि दिसि दल पूरह ।
फनधर सभार संकुरिय फन कठिन कुम्भ थुप्परि
कटक्कि । परि पंच कोस सुपराव यहु भंड रुप्पि बहु
बिधि झटक्कि ॥ ८१ ॥

कूंच २ करि षरिग त्रय २ सकोस षिति । आए
गढ़ अजमेर प्रगटि आवाज जगत प्रति । मारवारि
मेवार षंड षेरार खरभरि ॥ बागरि छप्पन
बहकि डहकि गढवार चित्त डरि । कांबोज कुक्क
परि कलकलिय प्रचलिय कच्छ विभच्छ पह । चल-
चलिय चहौं दिशि चक्क चढ़ि ओरँग साहि प्रतात
यह ॥ ८२ ॥

॥ दोहा ॥

गज्जि भंड अजमेर गढ़ अप्प साहि ओरंग ॥
सवा लाख हय सेन सों रह्यो सुरढ़ घन रंग ॥ ८३ ॥
सत्थ तुरँग सत्तरि सहस सहिजादा सज्जि सैन ॥
पठयो सुरधर देश पर लछि कमधज्जी लेन ॥ ८४ ॥
सो सिताव आवत सुन्यौ सज्यौ रट्ठवर सत्थ ॥
हय गय पयदल घनह सम सहस बतीस समत्थ ॥ ८५ ॥
जोधपुरह तें यवन दल पंच कोस सु प्रमान ॥
आइ परयो जानकि उदधि आडंबर असमान ॥ ८६ ॥
अनुग सुक्कि तिन अक्खि इह सुनहु रट्ठवर सूर ॥

करो कलह हम सत्य कैं सौंपे धन संपूर ॥ ८७ ॥
लेहु निमिष विश्राम लटि आए हो तुम अज्ज ॥
कल्हि सही हम तुम कलह कही बहुरि कमधज्ज ॥८८॥
बित्यौ बासर बत्तही परी निसा तम पूर ॥
छल करि के तब रिपु छलन सजे रट्ठबर सूर ॥ ८८ ॥

॥ कवित्त ॥

अद्ध रयनि तम अधिक छलन रिपु इक्क कियो छल। संढ पंच सय अट्ठ ंग जोड़ युग युगह लाल झल ॥ हंकिय सो वर हेट उभय चर अरि दल अभिमुष। अप्प चढ़े दिशि अवर लिये बर कटक इक्क लष ॥ पेखिय चिराक प्रद्योत पथ संड समुष धाए असुर ॥ उत तें सुवीर अजगैब के परे आइ अरि सेन पर ॥ १०० ॥

छन्द भुजंगी ।

परे धाइ अरि सेन परि रोस पूरं। सजे सेन सायुद्ध रट्ठोर सूरं ॥ किये कंठ लंकालि कंकालि कूरं। झनंकी यु षग्गौ बजी झाक झूरं ॥ १०१ ॥

मची मार मारं जनं मूख मूखे। मिले जानि गो मंडलं सीह भूखे। सरं सोक बज्जी नभं ढंकि सारं। भटक्के घनं सोर आराब भारं ॥ १०२ ॥

घटक्कै धरा धुन्धरं पूरि धोमं। बढ़े बीर बीरार संलग्गि ब्योमं ॥ फुरे योध हत्थं महा कूह

फुट्टी । इतैं आसुरी सेन पच्छी उलट्टी ॥ १०३ ॥

धये धींग धींगं धरालं धमक्के । चहों कोद तें लोकपालं थमक्के । जपे इट्ठ जप्पं जुरे जोध जोधं । करो कंक बंके भरे भूरि क्रोधं ॥ १०४ ॥

मुरे सार सारं ननं सुछ्ष मोरे । पटे टट्टरं वान सन्नाह फोरे ॥ धरे शीश नच्चैं कमंधं प्रचंडं । मही भिन्न भिन्नं रुरे रुंड मुंडं ॥ १०५ ॥

लरें दोन के शीश पच्छैं लटक्कैं । कहूं कंठ ज्यों हड्ड जुडे कटंकें । घने घाउ लग्गे किते बीर घूमें । झुकंते धुकंते किते फेरि झूमें ॥ १०६ ॥

हहक्कं तहक्कं किते हायहायं । परे घंषि षित्तं भरे हत्थ पायं । परे दीप मज्झे कितें ज्यों पतंगा । उछं छेनि छंछे करे होम अंगा ॥ १०७ ॥

भभक्कंत श्रोनं कटे के भसुंडं । बिना दंत दंती परे ह्वै बिहंडं ॥ बहू बान बेधे कुनंनन्ति बाजी । गए चून ह्वै पैदलं मीर गाजी ॥ १०८ ॥

शिवें संग है ऊतमंगा सरोजा । चवंसट्ठि लागी टगी चित्त चोजा । पिये श्रोन पानं बहे बाह पूरं । बहे बाहु जंघा भुजंतं बिरूरं इ १०९ ॥

बिना सत्थ केते परे लत्थ बत्थें । रनं रोस रत्ते रुपे पाइ हत्थे ॥ मचे मुठ्ठ युद्धं मनौं मल्ल मल्लं । अरे मत्त माहिष्ष ज्यों द्वै अडुल्लं ॥ ११० ॥

किते कातरा काय ज्यों एन कंपैं । नचे नारदं तुंवरु जैति जंपैं ॥ गहक्कैं शिवा चित्त गोमायु गिद्धं । लहक्कैं पशू पंखिनी मंस लुद्धं ॥ १११ ॥

किते डूब जमदाढ़ कट्टैं कटारी । भरं भुंभरा भीम ज्यों रोस भारी ॥ तिनं मोह माया तजे गेह तीयं । पुकारें बकारें मनू छाक पीयं ॥ ११२ ॥

सराहें रु बाहैं किते सेल सेलं । चुवै रत्तआरत्त ज्यों नीर चैलं ॥ तुटें चाप चम्मं धजा तेग त्रानं । वरं युद्ध आनुद्ध में भो बिहानं ॥ ११३ ॥

फिरे पील सूने परे पीलवानं । लुटैं लछि लुंटाक पिक्खे सु प्रानं । हयं नंषि रुंडं नियं छन्द हिंडै । बली तत्थ बड्ड हत्थ रट्ठोर तंडै ॥ ११४ ॥

मनो पाय पाथोधि छंडी मृजादा । सबै सेन सत्थे भगे साहिजादा ॥ भगी सेन सुलतान की सन्निभीतं । बढ़ी जेति कमधज्ज सत्थे वदीतं ॥११५॥

नियं जेति मन्नी यु बग्गे निसानं । जपै देव जे जे सुरंगे न यानं । षलं षंडि षग्गे वरं खेत सुज्झयो । बहू लुत्थि आलुत्थि क्किन जाइ बज्झयो ॥ ११६ ॥

परे मीर सैयद्द रन इक्क पंती । गिनैं कौंन है पैंदलं और दन्ती । भयो षेम पेमं सबै अप्प सत्थें । कहे मान यों छन्द रट्ठोर कत्थें ॥ ११७ ॥

॥ कवित्त ॥

कलह जीति कमधज्ज सेन भग्गी सुलतानी । झंड नेज झकझोरि तोरि डेरा तुरकानी ॥ हय गय लुट्टि हजार लुट्टि केउ लख धन लिन्नो । स्वामि बिना संग्राम कहर अरि दल सं किन्नो । पैंतीश कोश पच्छो फुल्यौ सहिजादा सुबिहान को । पत्ते सुबीर सब जोधपुर हठ रख्यो हिँदुवान को ॥ ११८ ॥

॥ दोहा ॥

परि पुकार अजमेर पुर सुनि ओरंग सु बिहान ।
कमधज जुरि जीते कलह सेन भगी सुलतान ॥ ११९ ॥
जाने हिंदू जोर वर न तजें टेक निशांन ।
कलह किये नावे सुकर सोचे चित सुलतान ॥ १२० ॥
करते तो हम ए करी राठोरनि सों रारि ।
इन अग्गें फुनि आइटें है पतिसाही हारि ॥ १२१ ॥
फिरि बसीठ फुरमान लिषि पठयो से पतिसाह ।
करन मेल कमधज्ज पें राखन रस दुहु राह ॥ १२२ ॥

॥ कवित्त ॥

बुल्लय बचन बसीठ मिट्ठ घन इट्ठ सुद्ध मन । सुनहु रट्ठवर सूर वीर तुम युद्ध बियक्खन । कीनो हम रषा संग प्रवल तुम प्रान परखंन ॥ परि तुम बड़ रजपूत राह रखन अभंग रन । हम तुम सु प्रीति ज्यों आदि है त्यों राखहु रस रीति तुम ॥ आखे सु

साहि श्रोरंग अब भूलि न को रक्खो भरम ॥ १२३ ॥

भूलि न राखहु भरम नरम अति करिग चित्त तिय। सजि चतुरंगिनि सेन प्रबल हय गय पयदल प्रिय ॥ हम पै आवहु हरषि निरषि नृप जसपति नन्दन ॥ रीझि करौं राजेंद्र अप्पि मुरधर आनंदन। इनमें अलीक जो होइ कछु सुक्रत तो हम फोक सब ॥ कमधज्ज सतो सुलतान कहि अलिय टेक मंडो न अब ॥ १२४ ॥

॥ दोहा ॥

अलिय टेक मंडो न अब जंपै यों यवनेश ॥
रस राजस दुहु राखिये करि सब दूरि कलेश ॥१२५॥
मन्त्री सब कमधज्ज मिलि शांत लष्यो सुलतान ॥
नृप सुत करि अग्गै न्टपति सजि दल बल संधान ॥
आए चढ़ि अजमेर गढ़ पय भेटे पतिसाह ॥
नृप सुत यूग किन्नै नजरि असपति चित्त उमाह १२७

॥ कवित्त ॥

इक दह हय गय एक सज्ज सोवन सिंगारिय। मनि इक मुत्तिय माल उभय चामर अधिकारिय ॥ इक करवाल अनूप एक जमदाढ़ सु अच्छिय। पातिसाह प्रति पेस लखइ गरु २ बसु लच्छिय ॥ कमधज्ज करी रस रंग करि भयो मेल दुहुं दीन भल। हरष्यो सु साहि अोरंग हिय आश दाश बरती अचल ॥१२८॥

॥ दोहा ॥

कहि आलम कमधज सुनहु योगिनि पुर हम जाइ।
नृप गुरु सुत करिहे नृपति, बहु सनमान बढ़ाइ १२९॥
तिहि कारन हम सत्थ तुम चलो सकल चित चंग।
प्रभु सब करिहैं पद्धरी भूलि न जानहु भंग ॥ १३० ॥
बहु बिधि बचन बिसास तैं चूक न चिंतय चित्त।
ढिल्लि नेर दिल्लीस सों सब कमधज संपत्त ॥ १३१ ॥
सेव करत नृप सुतन सों बासर बहुतक बित्त।
परि न देत महराय पद असपति चित अपबित्त १३२॥

॥ कवित्त ॥

दिल्ली पति लखि ढिल्ल कथन कमधज्ज कहावहि। पातिशाह परवरदिगार कद गहर लगावहि ॥ हम आए प्रभु हुकुम देश हम हमकूं दिज्जे। यद्पि जोधपुर थान नृपति गुरु सुत नृप किज्जे ॥ सत पुरुष बैन डुल्लै न सहि ध्रुव सुराह उर धारियहि। रस किये रसहि रस राखिये। अरज इती अवधारियहि ॥ १३३ ॥

सुनि सुबोल सुलतान उलटि उलटी इह आखिय। रह हम तुम कहा रह्यो सो व तुमही चित साखिय ॥ आगे हू तुम ईश वह्यो हमसो गुमान बहु। जुरिग उजेनी जंग सेन हय गय मिंडिय सहु ॥ फुनि लुट्टि हुरम धवलापुरहि सल्लरीति सल्ले सदुष।

सो राज रीति तुम संगही सोचि कहो रहि क्यों न सुष ॥ १३४ ॥

रयबा कनक अरु रूप धनी तुम जे संचिय धन। सो हम अप्पहु सब्ब गिनिब हय गय खच्चर गन ॥ तो सुमेल हम तुमहिं पुहवि तबही तुम पावहु । अब हम सों अरदास कहा इइ बृथा कहावहु ॥ मन्नैं सु कोन महाराय के पुत्त न जाने कब्ब प्रगटि । मय मत्त भयो जनु पंचमुष पातिशाह बचनहि पलटि ॥ १३५ ॥

॥ दोहा ॥

रिपु जन मन राखें न रस, गुन परि को न महंत ।
पन्नग को पय प्यावतें, समझि करे चित संत ॥१३६॥

॥ कवित्त ॥

रिपु जन के रस कहा कहा तिन बचन बिसासह । कहा पिशुन सु प्रतीत कहा अरि कोइ कलासह ॥ महुरे को कहा मीठ कहा हिमशैल शीत जग । कहा स्व प्रगटित अगनि कहा पय पोषित पन्नग ॥ पतिशाह सुबोल पलट्टि कें रढ़ लग्गो सुख जान रुष । शुभ सीष तास को सीखवै लायक नर जो मिलय लष ॥ १३७ ॥

॥ दोहा ॥

सुनि एसी राठोर सब, भये रोस भर भार ।
सब पतिसाही सेन पर, तुट्टें ज्यों षहतार ॥ १३८ ॥

॥ छंद मोती दाम ॥

जगे कमधज्ज महा रन योध। किये दृग रत्त भये भर क्रोध॥ बजी वर बीरन हक्क बहक्क। छुटै जनु इभ्भ महा मद छक्क॥ १३९ ॥

धरातलि धावत उठ्ठि धमक्क। चहूं दिशि दानव देव चमक्क॥ कढ़ी कर नागिनि सी करवाल। जितं तित ढ़ाहत है गज ढाल॥ १४० ॥

लसे मनु लोह कि आग्गि लपट्ट। झनंकत नट्ट षरी षग झट्ट। षलं दल कीजत षंड बिहंड। जितं तित मीर परे बिन मुंड॥ १४१ ॥

खड़क्कत हड्ड सुजड्ड करार। करे जनु कट्टिय शैल कषार। भभक्कत श्रोन सु इभ्भ भसुंड। जितं तित जोर मच्यो षल षंड॥ १४२ ॥

परे जनु पत्थर रूप पठान। हये जम दाढ़नि कट्ट जुवान॥ भजे नर कायर भारथ भीर। गजें प्रति सद्दनि ब्योम गुहीर॥ १४३ ॥

किते बिन शीश नचन्त कमन्ध। लड़ब्बड़ मत्थ लटक्कत कन्ध॥ किते घन घाइनि छक्क घुमन्त। जितं तित दोरत पीसत दन्त॥ १४४ ॥

उझंटिय आसुरि सेन अलेख। जितं तित सत्थर ह्वै रहे सेस॥ गिते कुन गरबर भक्खर ग्यान। बलोचिय लोदिय बिद्धिय बान॥ १४५ ॥

ररब्बरि षब्बरि रुम्मिय रुंड। झंझोरिय झूरिय तप्तर झुंड ॥ रनं घन रोलिय मत्त रुहिल्ल। जितं तित मञ्चिय रत्त चिहल्ल ॥ १४६ ॥

षुरेसिय षग्ग किये षय काल। हबस्सिय होइ रहे यु बिहाल ॥ सुसेंधर मुच्छिय केसरि बानि। जितं तित जाइ परे पय पानि ॥ १४७ ॥

इही विधि आलम के मुँह अग्ग। जितं तित झंग महा भर जग्ग। भरयो दरबार भग्यो भहराय। भगो यवनेश सु अन्दर जाय ॥ १४८ ॥

षरब्भरि आसुर षान जिहान। जितं तित रुक्किय आवन जान ॥ जरे दरबाननि दुर्ग कपाट। घनं परि घेर रुके जल घाट ॥ १४९ ॥

रलं तलि लोग परी पुर रोरि। दुरे नर भग्गि दई द्रढ़ पौरि ॥ गृहं गृह कंचन रूब गडंत। भगे बहु भामिनि बाल रडंत ॥ १५० ॥

गहै कुन कप्पर सार किरान। घरप्पर ठिप्पर ठिल्लहि धान ॥ मची घन लम्बी कूह कराल। चहो दिग होइ रहो ढकचाल ॥ १५१ ॥

मुषं मुष जक्किय मारहि मार। हये नर मेछिय केउ हजार ॥ ढंढोरिय ढिल्लिय क्किन्न सुढिल्ल। किये गढ़ कोट उथल्ल पुथल्ल ॥ १५२ ॥

बिहंडिय खंडिय श्रेणि सुहट्ट। जितं तित

कीजत गेह कुघट्ट ॥ लबक्कहिं लुट्टहिं लुट्टक लच्छि । गए तिन नाहर नंचन गच्छि ॥ १५३ ॥

बिहस्सिय योगिनि बीर बेताल। महेश सु गुंथहिं मच्छय माल ॥ झरप्फहि पंषिनि गिद्धिनि झुंड । उड़े नभ कंक गहे पल तुंड ॥ १५४ ॥

जितं तित लग्गिय लुच्छित जेट । पशू पल-चारिनि पूरिय पेट ॥ बढ़्यो रस बैरिन सेन बिभत्स । सुरासुर मन्निय अद्भुत अच्छ ॥ १५५ ॥

अरे नन आसुर अट्टुह आइ । लगी जनु मारुत ग्रीषम लाइ ॥ चकत्तह चूरि चमू किय चून । फिरे हय हीसत सिंधुर मून ॥ १५६ ॥

मसक्कहि थक्कहि औरंग साहि । कलंमलि चित उठंत कराहि । हहक्कहि तक्कहि मिट्टुहि हत्थ। महल्ल-नि मज्झ डुलावहि मत्थ ॥ १५७ ॥

गए कितहू तजि मीर गँभीर ॥ नहीं सु नवाबनि के मुंह नीर । तुरक्क न कोइ रह्यो हम तीर । भिरे इन सत्थ करे हम भीर ॥ १५८ ॥

इही बिधि युग्गिनिनैरहि आइ । बली कमधज्ज सुषग्ग बजाइ । चले चतुरंग चमू निय लेइ ॥ दमा-मह दुट्ठनि के सिर देइ ॥ १५९ ॥

॥ कवित्त ॥

दिल्लि नयर करि ढिल्ल ढाहि आवास ढँढोरिय । दुट्ठ महल दलमलिय बग्घ से असुर बिरोलिय ।

चूरि चकत्ता चमू चंग हय गय चतुरंगह । लुट्टि अनंत सुलच्छि रजत अरु कनक सुरंगह ॥ भयभीत साहि ओरंग भय जरि कपाट अंदर दुरिय। कमधज्ज सकल रक्खन सुकुल कलह केलि इहि बिधि करिय ॥ १६० ॥

॥ दोहा ॥

करि यौं दिल्लिय पुर कलह रिन अभंग राठोर ।
उद्धंसिय असुरान अति अरयन के मुंह ओर ॥१६१॥
पहर तीन युग्गिनि पुरहि पारी धारि प्रजारि ।
कीन कुरूप कुदरसनी नाइक बिन त्यों नारि ॥ १६२ ॥
करि अग्गें महराइ के पुत्त प्रभाकर रूप ।
चले सज्जि चतुरंग चमु अप्पन इला अनूप ॥१६३॥
आड़े जे आए असुर सकल लिए सु सँहारि ।
मारवारि पत्ते सुमहि प्रमुदित सब परिवार ॥१६४॥

॥ कवित्त ॥

आए मुरधर इला जीति योगिनिपुर जंगह ।
सूर रट्ठवर सेन सकल हय गय भर संगह ॥ घोष निसान घुरंत जोधपत्ते सु जोधपुर । जिन जिन की जो अवनि थप्पि तिन तिन सथान थिर ॥ आलम ओरंग महत अरि अति उद्धत आसुर अकल। भारत्थ युद्ध तिन सत्थ भिरि बसुमति लीनी अप्प बल ॥१६५॥

कितक दिनमि कबिलेश किन्न निय महल मंत कजि । जुरे यवन घन जूह षान उमराव खूब सजि । हय गय केउ हजार पार पायक को पावहि ॥ गुरज-

दार छरिदार जोरि इतमाम जनावहि। जुरि सेन सेनपति जोहरिय काजी कुल्लि दिवान बर॥ कोत-वाल दूत सँधिपाल के दल बद्दल जनु साहि दर॥१६६॥

कहि तब असपति कुप्पि सुनहु श्रवननि नवाब सब। कहो सोइ कीजिये अरि सु आवै न हत्थ अब॥ मुरधर कै मेवासि तेग बंधी हम सों तिन। हमहू अदब उथप्पि लरे हम महल झुलक्खन॥ उमराव षांन उद्धंसि कें निधि लुट्टी दिल्ली नगर। हम सल्ल भंति सल्ले हिये पत्ते ते रिपु जोधपुर॥ १६७॥

॥ दोहा॥

तिन कारन हम मन तुरित भंजन रिपु जनु भीम।
काजी पूछहु बेगि कै, सजैं ब किन दिन सीम॥१६८॥
करत प्रश्न दिन शुद्धि कहि, काजी पिक्खि कुरान।
भद्दव सित दुतिया भली, सजो सेन सुलतान॥१६९॥

॥ कवित्त॥

संबत्सर छत्तीस सीम सतरासें संबत। भद्दव दुतिया धवल चढ्यो पतिसाह चंड चित्त॥ दोय सहस गुरु दंति पंति जनु हल्लिय पब्बह। उभय लक्ख उत्तंग बाजि बर बेग सु सब्बह॥ आराव नारि गोरह अधिक रथ जंत्री दो सहस रजि। ओरंग साहि आडंबरहि सेन कोटि पायक सु सजि॥१७०॥

आवत सुनि ओरंग साहि दल बद्दल सज्जह। दुर्ग दास निंगदेव कलह कारक कमधज्जह॥

आदि सकल रट्ठौर भए इक मिक्क मंनि भय। मंत इक्क बर मतें युद्ध जिहि भंति लहे जय॥ रिपु दुठ धिट्ठ आरिट्ठ रिन चमू जोर आवंत चलि। किज्जे ब जुद्ध कबिलेश सो टेक छंडि ज्यों जाय टलि॥ १७१॥

जंपे ताम सुजानराय सोनिंग रट्ठबर। ईश बाल अप्पने सुक्कल दुतिया जनु ससि हर॥ सो न जोग संग्राम नृपति जसवंत सुनंदन। सुभट लरें प्रभु संक करें भारथ पिपु कंदन। अप्पन अनाह सबही सु सम हिंडहि अरि मुष किन हुकम॥ तिन काज रांण श्रीराज सों मिलि रक्खे षित्री धरम॥१७२॥

ए हिंदूपति आदि धनी हिंदवान धरमधर। इन सुबंस अकलंक षग्ग असुरान षयंकर॥ इन सों मिलत न एब एह सरनागय बत्सल। कालंकित केदार नीति गंगा जल निम्मल॥ नर नाह और इन से नहीं अप्पहिं रक्खन जो सुपहु। श्री राज रांण जगतेश सुअ बंके बिरुद बदंत बहु॥ १७३॥

अबल राय आधार सबल सुलतान सु सल्लह। सुरगिरिवर समतुल्ल अप्प अज्जे ज अतुल्लह। चित्र-कोट पति अबल जास इकलिंग ईसवर॥ ब्रह्म वेद बाहरू उदधि जल दल आडम्बर। पुहवी प्रसिद्ध ए छत्र पति दुज्जन जन घन दल दमन॥ श्री राज राण जगतेश सुअ राजे ज्यों सीता रमन॥ १७४॥

मानपुरहि मारयो दाह दिल्लीपुर दिन्नह । रूप पुत्ति रट्ठवरि साहि तें सबल सुलिन्नह ॥ गुरु हठ कै गोमनी बंधि सलिता सु राजसर । सीरोही सिर दँड किन्न राना राजेसर ॥ किता ब कहूं मुँह किता जस बल अनंत हिन्दू सु बर । अब धाइ गहै तिन पय शरन भंजहि फिरि असुरान भर ॥ १७५ ॥

इन अनिट्ठ ओरंग रज्ज कज्जे राजंधहि । बाप हन्यो हनि बंधु पुत्त हनि सकल प्रबन्धहि॥ कूर गेह कलि गेह जानि अहि ज्यों दो जिब्भह । बचन जास चल बिचल मान मय मत्त कि इब्भह ॥ करतें सुछंद सेवा करत पुत्ति देत होतन प्रसन । मिलिये ब राणा राजेश सें पातिशाह आवै प्रिशुन ॥ १७६ ॥

॥ दोहा ॥

सुनत एह सारी सभा, सोनिग देव सुमंत ।
राजा रावत रट्ठवर, भल भल सकल भनंत ॥१७७॥
जान्यों जग प्रभु जोर बर, राजसिंह महरान ।
सरन तक्कि कमधज्ज सब, जीवित जन्म प्रमान१७८॥
ठीक मंत ठहराइ के, लिखे ललित फुरमान ।
राना श्री राजेश को, विनय बिबिध बाषान ॥१७९॥

॥ कवित्त ॥

स्वस्ति श्री सुभ थान प्रगट पट्टन उदयापुर । राजे श्री महाराण रूप राणा राजेशर ॥ सुर नायक

ससि सूर जास ऊपम युग जानिय। सुरतरु सुरमनि सिंधु देव ज्यों अधिक सुदानिय॥ अरदास सकल कमधज्ज की मन्नहु सांईं प्रसन मन। पतिसाहि पिशुन पच्छें फिरयो आवहिं हम अब प्रभु शरन॥१८०॥

संग्रामहि असमत्थ समझि बिन लहु हम सांईं। सांईं बिनु कहा सेन तेज सांईं ही तांईं॥ महा राय गय मोष सोइ होते समत्थ पहु। अब प्रभु ही सों अदब रहै रटिये कितीक बहु॥ कमधज्ज कहे इन कलह में करि उप्पर निज जानियहि। राजेश राण जगतेश सुअ आलम तो बस आनियहि॥ १८१॥

मारे हम बहु मुगल दंद रचि जोर साहि दर। युग्गिनिपुर परजारि पारि कीनी धर पद्धर॥ लच्छि अमित तहँ लुट्टि चंड चौकी चकचूरिय। हय गय रथ भर हनिय पेट पशु पंखिनि पूरिय॥ कीने यु षूंत असपत्ति के केतक मुख करि किंत्तिये। राजेश राण जगतेश सुअ पहुप साथ अब जित्तिये॥ १८२॥

नागोरिय नृप कज्ज दीन पतिसाह जोधपुर। इहै आदि हम उतन सो ब आवै प्रभु उप्पर॥ यदु-पति ज्यों पंडवनि कलह में आरति कप्पहु। नृप के नंद रु नारि थान निर्भय तहं थप्पहु। आयो ब साह औरंग चढ़ि हम लरिहैं सब प्रभु हुकम॥ राजेश राण जगतेश सुअ रट्ठोरनि राखहु शरम॥ १८३॥

रबि बंशी महाराण राण राहप हरि रूपह ।
श्री दिनकर सक बंध न्याउ नरपाल अनूपह ॥ कृतब
उंच जस करन पुन्य पालह प्रथवीपति । पीथल
राण प्रचंड भाण सी राण देव भति ॥ भल भीम अजै
सी लषम सी अर सी राण महा अडर । सुलतान गहन
मोषन सकल राण एह राजेश बर ॥ १८४ ॥

राण हमीर सुरीति राण खेतल अभंग रिन ।
लाषन सी बहुलील राण मोकल उदार मन ॥ कुंभ
राण जग कित्ति राण कुल रूप परयमल । सबल राण
संग्राम उदय नित उदय राण इल ॥ कायम प्रताप
अमरह करण जगत सिंह जग जोर बर । सुलतान
गहन मोषन सकल राण एह राजेश बर ॥ १८५ ॥

रामचंद राजेन्द बंधु लच्छन सु बीर बर । कृष्ण
देव रिपु काल कंस आसुर बिधंस कर ॥ कौरव कण
कण करण जंग जोधार जुधिष्ठिर । अर्जुन भीम
अभंग सूर सहदेव अचल सर ॥ नरनाह बिरुद पंड-
वन कुल असुर सँहारन बिरुद इन । राजेश राण जग-
तेश सुअ पुहवि रखी सो छत्रियन ॥ १८६ ॥

तुम हिन्दूपति प्रगट तुमहिं दिनकर हिन्दूकुल ।
तुम हिन्दू उद्धरन बिरुद सरनागय वत्सल ॥ तुम करुना
कर सुकृत तुम सु कलियुग दुख कप्पन । अबलनि तुम
आधार तुम सु असुरेश उथप्पन ॥ इन धर अनादि

अवनीश तुम षग्ग तेज बंदे षलक। राजेश राण
जगतेश सुअ तुम सब हिन्दू शिर तिलक ॥ १८७ ॥

शीसोदा चहुआंन तुँअर पांवार रट्ठवर। हाड़ा
कूरँभ गोड़ मोरि यद्दव बड़गुज्जर ॥ झाला भट्टी
डोड दह्या देवरा बुंदेला। बड़गोता दाहिमां डाभि
बारड बग्घेला ॥ खीची पड़िहार सु चावड़ा संषुल
गोहिल धंधलह। राजेश राण सब हिन्दुपति टांक
पुँडीर सु सिंधलह ॥ १८८ ॥

तिन प्रभु शरनहि तक्कि धाइ आवहि आसा
धरि। राखहु श्री महाराण हिन्दुपन सकल असुर
हरि ॥ दिशि दिशि में दीवान सांइ सम कोइ न
दिट्ठो। सुलतानह हम सत्थ रोस करि औरँग रुट्ठो ॥
अमरख सुचित्त रक्खें अधिक खत्रीपन मेटंत खल।
असुराइन सों व उथप्पि के बसुमति लीजै अप्प
बल ॥ १८९ ॥

॥ दोहा ॥

इहि बिधि गुरुता लखि अधिक पठयो दूत प्रसिद्ध ॥
पत्तो सो उदयापुरहिं अबिलंबन अबिरुद्ध ॥ १९० ॥
हिन्दू पति भेटे हरषि दिय पय नमि अरदास।
बिनय सु अक्खें सुष बचन सानन्दित सोल्लास ॥१९१॥
बंची सो अरदास बर उपमा बिनय अनूप।
कमधज्ज स क बिलेश को सकल लिख्यो सु सरूप॥१९२॥

देइ दिलासा दूत को फेरि लिषे फुरमान ॥
सब राठौरनि सत्थ कों सुन्दर बिधि सनमान ॥१८३॥

॥ कवित्त ॥

राज राण मति मेर तदपि इह लषि चतुरंतन । महाराय रावरह राव रावत सब राजन ॥ पूछे निय उमराव कहो कैसो मत किज्जै । काम परयो कमधजनि साहि दल सज्यो सुनिज्जे ॥ अक्खे सुताम उमराव इह जानि चित्त वृत्तीहि जिन । बेगे बुलाउ प्रभु रट्ठवर पुहवी रक्खहु अप्प पन ॥ १८४ ॥

सुनि इह श्री महाराण लिषे फुरमान सुलाषन । सुनहु रट्ठवर सूर सदा हम तुमहिं सग्गपन ॥ सजि आवहु हम शरण भूलि नन धरहु चित्त भय । हों अभंग बर हिन्दु षग्ग सब असुर करों षय ॥ सुलतान समर करि संहरों म्लेछ रहें को हम सँमुष । सत षंड करों बर समर सजि दुष्ट तुमहिं जो देइ दुष ॥ १८५ ॥

सेष सकल संहरों सैद पारों सब सप्पर । पच्छारों सु पठान लोदि बल्लोची भक्खर ॥ सरवानी भंभरिय हनो हबसी निय हत्थहिं । रन रोलवो रुहिल्ल मुगल सु करों बिन मत्थहिं ॥ गाडों धर रूमी गक्खरी उजबक्कनि सद्धों सु असि । कहि राजराण कमधज्ज हों रक्खों यों तुम रंग रसि ॥ १८६ ॥

उज्जरि करि अग्गरो ढाहि ढिल्ली ढंढोरों । लाहो-

रिय धर लुट्टि तट्टकि तुरकानी तोरों ॥ षनि नंषो षंधार बेगि खुरसान बिहंडों । परजारों पट्टनहि देश भक्खर सब दंडों । सुबिहान साहि ओरंग को गज समेत जीवत गहों ॥ हौं राजराण तो हिन्दुपति कहा अधिक तुम सें कहों ॥ १८७ ॥

बिस्तारों बर बेद पुहवि रक्खों सु पुरानह । काजी सत्थक ते ब करों सब ठार कुरानह ॥ चकता करों सुचून थान निज दिल्ली थप्पौं । रक्खों हिन्दू रीति आसुरी रीति उथप्पों ॥ ईश्वर प्रसाद बर उद्धरों म्लेछ तित्थ षंडों सु महि । रक्खों सु सकल रट्ठौर कों कोपि राण राजेस कहि ॥ १८८ ॥

मीर मलिक मस्संद भूत सम तेह भयंकर । घन घेरे रिपु घल्लि चुनिग चुनि हनों निशाचर ॥ युग्गिनि रख सज्जरक बीर पंखिनि बेतालह । देत भूत भष देहु करों असपति षय कालह ॥ रक्खों सु हिन्दुपन बीर रस बसुमति रक्खों अप्प बल । तो राज राण जगतेश सुअ षग्ग प्रान जित्तों यु षल ॥ १८९ ॥

॥ दोहा ॥

बल बँधाई सुबिशेष तें, दल लिषि अनुगहि दीन ।
बेगि बुलाए रट्ठवर, हिन्दूपति सु प्रबीन ॥ २०० ॥
रंग बढ़े सब रट्ठवर, ले निय परियन लच्छि ।
मेद पाट पति सों मिले, अब भ्रख सारो मिच्छि॥२०१॥

॥ कवित्त ॥

इभ गरुये इगबीस दोय दस सहस तुरंगम । कोटिक रूप रु कनक पवर बहु रथ पवनंगम ॥ सतक जंत्रि भर शस्त्र करभ युग सहस मत्त कल । कलहंत-नहि सकज्ज सहस पण बीस पयद्दल ॥ इतनै सु सत्थ परिकर अमित महाराइ सुत मज्झ बर । राजेश राण सों रट्ठवर आइ मिले असुरेश डर ॥२०२॥

गरुअ गात गजराज सकल शृंगार सुसोभित । कनक तोल तिन मोल अश्व एकादश उप्पित ॥ षग्ग एक खुरसान कनक नग जरित कटारह । इक हीरा सु अमोल दाम दस सहस दिनारह ॥ कमधज्ज सकल कर जोरि करि प्रभु नमि मुक्किय पेस-कस । श्री राज राण जगतेश के रक्खी हित धरि रंग रस ॥ २०३ ॥

॥ दोहा ॥

सबही सनमाने सुभट, बर बैठक सु बताइ ।
बीरा और कपूर बर, सें कर अप्पै साइ ॥ २०४ ॥
षरच कद्य सुबिचारि षिति, दीने द्वादश ग्राम ।
नगर कैल वासो निरषि, अवनि सकल अभिराम॥२०५॥
किहि मुक्ताफल माल किहिं, हय गय गांउ सहेत ।
रीझि राण राजेश बर दिन २ सुभटन देत ॥ २०६ ॥

इति श्रीमन्मानकबिबिरचिते श्रीराजबिलास शास्त्रे महाराणा श्रीराजसिंह जी का शरणागत बिजय पंजर बिरुद बर्णनं नाम अनेक सुमति प्रकाशः नवमो विलासः ॥ ९ ॥

॥ कवित्त ॥

करिय अहो निसि कूच साहि अजमेर सँपत्तह। बंकागढ़ बिंदुलिय राज पट महल सुरत्तह ॥ रहे तत्थ असुरेस बिकट चौकी बैठाइय॥ परिय कटंक गढ़ परधि जलधि ज्यों दीप जनाइय ॥ निसु नीब तत्थ आसुर नृपति जाने हिंदू जोर बर। रबि बंश राण राजेश को शरन गह्यो बर रट्ठवर ॥ १ ॥

॥ दोहा ॥

तपो अधिक तुरकेश तहँ सुनि हिन्दूपति नाम।
कलमलि उर कर मिंझि कहिं, हा हिय रही सुहाम ॥२॥
हम सों लरि भिरि रक्खि हठ, गए सुतजि धर गेह।
क्यों करि रहिहैं इक्खियैं, राण शरण अब एह ॥ ३ ॥
जहां जाइ तहां जाइ कैं, गहो युवतिन परि गैल।
तरु तरु पत्त सुपत्त करि, सब ढंढोरों सैल ॥ ४ ॥
स्वर्गहिं सोढिय जाल जल, पर्बत गुहा प्रदीप।
षनि कुदाल पाताल षिति, अरि आनो अवनीय ॥५॥

॥ कवित्त ॥

करियों मानस कोप दिन्न फुरमान दिग्घ गस। कैलपुरा प्रभु कद्य बढ़हि जिन सुनत बीर रस॥ सुनहु राण राजेश साहि औरंग समक्खिय। हम सु शत्रु बहु हठी रट्ठवर क्यों तुम रक्खिय ॥ अप्पो सुएह हम कज्ज अव के कलहंतन सद्य करु। नन रहे एह कौनहि नृपति उदय अस्त रबि चक्कतर ॥६॥

इन लुट्टो अग्गरो देश दिल्ली धर दाहिय। कियो कलह हम महल पालि सबही पतसाहिय॥ मारि थान मेंढ़ता अप्प बल लयौ योधपुर। सल्लै ज्यों नटसल्ल राह सल्लै यु अम्ह उर॥ रक्खेयु तुम्ह तिन रिपुन को बढ़ि हेतो अप्प न बिरस। राजेश राण रट्ठौर दै साहि सत्य रक्खो सुरस॥ ७॥

॥ दोहा॥

बंचि साहि फुरमान बिधि, पाइय सकल प्रवृत्ति।
राण लिषे फुरमान फिरि, साहि जोग सब सत्ति॥८॥

॥ कवित्त॥

रक्खैं हम रट्ठौर सत्य जसवंत राय सुत। इन जो सत अपराध किये तोऊ इह संमत॥ करन मतो सो करहु जोर कह कहिय जनावहु। कहो सु आवन कल्हि अद्य सोई किन आवहु॥ जेहो सु लेइ तब जानियहि प्रभु पन और सुपुरुष पन। राजेश राण कहि साहि सुनि बसुमति रहिहैं बर बचन॥९॥

आइ गहै को इनहिं देव कह दैत र दानव। रक्ख सज्ज खरिसाल मिलिहिं जो कोटिक मानव॥ अब हम त्योंही एह स्नेह हम इन गुरु सद्धन। अप्पै जो इन छेह तो ब कैसो सत्रीपन॥ कहियै सु आदि ही अह्म कुल सरनागय बत्सल बिरद।

राजेश राण कहि साहि सुनि महि उपगार बड़ो मरद ॥ १० ॥

॥ दोहा ॥

गयो अनुग अजमेर गढ़, असपति कर फुरमान।
दीनें हिन्दु दिनेन्द को, बीरा रस बाखान ॥ ११ ॥
बंचि बंचि दिल्लीश बर, बाढ्यो रोस बिशेष ।
फेर दुतिय फुरमान दिय, नागद्रहा नरेश ॥ १२ ॥

॥ कवित्त ॥

झिंडि देश मेवार कोट गढ़ ढाहि ढेर करि।
आऊं उदयापुरहि गाहि हय गय पाइनि गिरि ॥
रावर रावत राइ आइ फिरि हैं जे अड्डे । संहरि तिन संग्राम यवन धर थप्पो जड्डे ॥ जरि थान थान थाना यतन रुंधि राह चहुं कोद रुष । राजेश राण सुलतान कहि मंडय को हम सेन मुष ॥ १३ ॥
तोयधि भुज बल तिरै कवन तुल्ले गिरि कध्धहि । पावक को मुंह पिवै सिंह सनमुष रिन सध्धहि । महि को थंभय मरुत नाग कहु कवन सु नत्थय । गयन षंभ को देय सोब जित्तै हम सत्थय। हठ छंडि अलिय इन देहु हम सीख कहा तुम सिक्खवें । राज़ेश राण सुलतान कहि अनम सोइ हमसों नवें ॥ १४ ॥

॥ दोहो ॥

हिन्दू पति फुरमान यों, बंचिहु तिय बरजोर ।
अप्प दयो फुरमान इह, साहि करो किन सोर ॥१५॥

॥ कवित्त ॥

जरहि थान तुम जिते इक्क दिन तिते उठावहिं ।
आलम प्रथम उथप्पि बहुरि औरहि बैठावहिं ॥
मेद पाट महि रज्ज सहस्स दस गाम ईश बर । एक-
लिंग अम्ह दिये कबहुं नावै किनही कर । आवो
असुरेस अनेक इहि कट्टि बंधि सूधे करें ॥ राजेश राण
कहि साहि सुनि तोयधि यों भुजबल तिरें ॥ १६ ॥

ऊजर करि अग्गरो धाइ लाहोर लेहुँ धन ।
दिल्ली करो दहल्ल तोरि तुम तखत ततष्षन ॥ अलवर
नरवर आइ थान थप्पै रिनथंभहिं । उज्जैनी आहनों
धार मंडव हनि डिंभहिं ॥ गुजरात देश लै दंड
गुरु सज्जों दल सोरठ सकल । राजेश राण कहि
साहि सुनि तुल्लों यों सुरगिरि अतुल ॥ १७ ॥

दोहा ॥

रोस राण परवान कें, बंचत बढ्यो विशेष ।
तृनिय बहुरि फुरमान तिन, अप्पो बहु असुरेश ॥१८॥

॥ कवित्त ॥

श्री पुर तुम संहरयो कोप हम बिलय सु किन्नह ।
रूप पुत्ति रट्ठवरि लग्गि हम सों फुनि लिन्नह ॥

दंड देत देवल्या नालिबंधन सु निरंतर। दोइ सहस दीनार ऐन सल्लै उर अंतर ॥ सल्ले यु शत्रु ए तुम शरन सो ब सिताब समप्पियहि । राजेश राण सु बिहान कहि कलह मूल तें कप्पियहि ॥१८॥

राजथान निय रचो बास चित्तोर बसाइय। आनों दिल्लिय यहां सेन धन लच्छि सजाइय ॥ नौ-बति नद्द निसान घोष इहि तषत घुराऊं। सच्चो तौ हूं साहि बहुत कहि कहा बताऊं ॥ फुरमान लिषेव कहा सु फिरि लिहूं तिवेर कहौ सु तुम। राजेश राण सुलतान कहि अब जिनि कट्टौं दोस हम ॥२०॥

॥ दोहा ॥

यों तीजो फुरमान पहु, राण बंचि राजेश।
क्रूर कोप करि लिषि कहें, सुनि औरँग असुरेश ॥२१॥

॥ कवित्त ॥

जिहिं रक्खैं जगदीश अप्प इकलिङ्ग ईस बर। तिहि रक्खें जोधार राण अनमी राजेशर ॥ जिहिं रक्खैं योगिनी रधू चित्तोर सुरानी। जिहिं रक्खैं बावन्न बीर सुष कह कह वानी। पतिसाह मात आवै प्रगट बरस सहस लौं जो बिढ़य ॥ सुलतान साहि औरँग तदपि चित्रकोट कर ना चढ़य ॥ २२ ॥

जो हेमालय गरहु गहो जो कासी करवत। जो जीवत धर गडहु पढ़हु जो चढ़ि गढ़ परवत ॥ जो-

जालंधर जाइ सीस कालिका समप्पै। जो दिशि दिशि बल देइ काइ तिल तिल करि कप्पै। जागती जोति ज्वालामुषी जो ज्वालावलि में धँसै॥ राजेश राण कहि साहि सुनि बहुरि जनम ले भल बसै॥२३॥

॥ दोहा ॥

अनुग हत्थ फुरमान इह, दयो तृतीय दिवान।
तहि फुनि करिकें गति तुरत, सौंप्यो जइ सु बिहान॥२४॥
बंचि साहि सब ही बिगति, जानि हिन्दुपति जोर।
बढ़न कज्ज तबहीं बिपल बज्जी बंब बकोर॥ २५॥
धुर कत्तिय पंचमि सु ध्रुव, सागर जल ज्यों सेन।
सज्जि चल्यो दिल्लीस वर, रबि नभ ढंकिय रेनु॥२६॥

॥ छंद भुजंगी ॥

चढ़्यो सेन सज्जें सुबाजी चकत्ता। मनो मास भद्दो महा मेघ मत्ता॥ सजें सिंधुरं पाखरंगं सनांहं। करे बंधि षग्गं दुधारा दुबाहं॥ २७॥

किनं पिट्ठि सज्जे लसे नारि गोरं। किनं पिट्ठि नेजा धजा बै किशोरं॥ किनं पिट्ठि सोहै ढलक्कंति ढल्लैं। किनं लोह कोठी हठे मग्ग हल्लैं॥ २८॥

किनं बंधि कट्टार सुंडार दंत्ते। किनं पिट्ठि डोला चले इक्क पंत्ते॥ ठनंकार घंटा रवं तं घनंके। घनं घुंघरं पाइ ग्रीवा षनंके॥ २९॥

झरे दान गंधं भवें भोंर झौरं। लसे तेल सिंदूर

फुनि शीश चौरं ॥ पढ़ै धत्त धत्ता मुहं पीलवानं। अगं गग्ग गज्जें महा मेघ जानं ॥ ३० ॥

चलैं अग्ग पच्छैं सभाला चरष्षी । फुले वायु बेगं नभं जोति पष्षी । जरे शृंखला पाइ गट्टे जँजीरं ॥ किनं शात कोंभं सु कुंभं कठीरं ॥ ३१ ॥

किते अग्ग करिणी करे ताम चल्ले । उमत्तें घुमंते तरू के उषल्ले । किनं षिट्ठि नोबत्त बज्जै निहस्सै । सुभे सेन मज्झे करी दो सहस्सै ॥ ३२ ॥

हयं हंस बंसा तुला हेम तुल्ला । किते अंगए एक देसी असीला ॥ किते कोकनी वाजि कच्छी कबिल्ला। किहाडा षुडा रत्तडा के कनिल्ला ॥ ३३ ॥

किते सिंघली जंगली औासिँघाला । किते जाति साणोर सारंग फाला ॥ पंषाला जंघाला हिंसाला पवंगा । किते आरबी काशमीरा उतंगा ॥३४॥

किते जाति कांबोज बगाल देशा । षुरासानि षंधारि षेंगा षुरेसा । किते भौंर भारी जनो अंग भ्रंगा । चले चंचलं चाल चाला सुचंगा ॥ ३५ ॥

किते पौन सत्थी धरा पौन पत्था । रजैं रूप राजी मनो सूर रत्था । किते पानि पंथा तुटे जानि तारा । किते जाति तेजी तुरक्की तुषारा ॥३६ ॥

किते पब्बती अश्व प्राक्रंम पूरे । सजी साकती स्वर्ण शोभा संपूरे ॥ किते थाल मज्झे ततत्थेइ नच्चें ।

तिनं लोयनं लोल संसार रुच्चें ॥ ३७ ॥

झिलंती जरी झूल सा पंचरंगे । रजे पूछ ज्यों चौर सालं तरंगे ॥ शिषा दीप ज्यों उंच सोभे सु कर्ण । गुही केसवारं कचं स्याम बर्ण ॥ ३८ ॥

बढ्यो हेष हेषा रबं सोर सोरं । किये कंध बंके चले बंधि कोरं ॥ उभे लष्ष यों पष्षरेहे अनूपं । चढ़े षान सुलतान् राजान चोपं ॥ ३९ ॥

पुलें अग्ग पाले हठाले पघाले । रिसाले रुपाले रंगाले सिंघाले ॥ मदाले मुछाले मदाले मरद्दं । दभाले दुभाले कितं नाद रद्दं ॥ ४० ॥

झुझारे करारे अकारे झिलंते । षिलारे षुमारे अषारे षिलंते ॥ डिंभारे डरारे डरें ना डहक्कें । गिरा गुंज तेगें गरज्जें गहक्कें ॥ ४१ ॥

हसंते लसंते धसंते लहक्कें । कलं कूदते षुंद रत्ते किलक्कें ॥ सजे आयुधं स्वांग छत्तीस संधें । कटारी कृपानं दुदो तोन बंधें ॥ ४२ ॥

गहे तोब कंधे भरे सोर गोरी । गुरू गज्जि आवाज जानो कि होरी ॥ धनुर्बान कंमान जे हत्थ धारे । प्रहारे उडंते षहं पष्षि पारे ॥ ४३ ॥

सजे टोप संनाह यं जुद्ध मंत्ता । गदा गुर्ज कत्ती किनं हत्थ कुंता ॥ ढुरंती लसें पिट्ठि गट्टी सुढल्लं । मिले कोटि पाला दलं जानि मल्लं ॥ ४४ ॥

भरे यान जंत्री सु आराव भारं। सयं पंच बीसं सजे साज सारं॥ धुरा अश्व जोरा किनं श्वेत धोरी। जुपे जंत्रि किहि संबरं रोझ भोरी॥ ४५॥

दल मध्य दिल्लीसरं अप्प दीपैं। जनो मान लंकेश को सोइ जीपैं॥ बन्यो रूप आरोहए एक बाजी। सुभे स्वर्ण माणिक्य साकत्ति साजी॥ ४६॥

छजे दंड सोवर्ण जा शीश छत्रं। उभे उद्यलं चौर ढुरते पवित्रं॥ चहूं ओर जा गुर्ज बरदार चल्लें। छरीदार हज्जार केसे न ढिल्लें॥ ४७॥

भरी खच्चुरं सहस स्वर्णं खजानं। गिने कोन करहा दलं नत्थि गानं॥ सजी नारि पिट्ठैं छुटंती हवाई। किते स्वान चीता सु सत्थे सजाई॥४८॥

उडे रेनु ब्यूहं सु ढंक्यो अयासं। भयो भानु बिम्बं मनो संझ भासं॥ महा सेल कट्टैं करे सुद्ध-मग्गं। भरं भूरुहं भर करं कृषि भग्गं॥ ४९॥

करंते पयानं उरझें कुरंगा। जनें जलधि संमेल कालिंदि गंगा॥ नदी ताल द्रह कुंड बहु सुक्कि नीरं। घुरे घोष निर्घोष नोबति गुहीरं॥ ५०॥

मच्यो सेन सोरं सुने कोसु सद्दं। गजे नारि गोरा मनो मेघ भद्दं॥ प्रति द्यौस दर हाल कीये पयानं। प्रपत्तो दलं मज्झ मेवार यानं॥ ५१॥

॥ दोहा ॥

मेद पाट पत्तो सुमहि, चढ़ि औरँग असुरेश ।
बोलि सकल उमरावबर, राण तदा राजेश ॥ ५२ ॥

छन्द पद्धरी ।

रस राज नीति राजेश राण । दरबार जोरि बैठे दिवान ॥ छाजंत शीश नग जरित छत्र । पढ़ि उभय चौंर उद्यल पवित्र ॥ ५३ ॥

हय हत्थि पयद्दल मिलि असंख । जिन सजत दिल्लिपति होइ झंष । महाराय सबल पद धरन धीर । बोले सु ताम अरि मीह बीर ॥ ५४ ॥

जय सीह कुँअर बोले सुजान । भल हलत तेज जनु जिट्ठ भान ॥ भल भीम रूप भीमह कुमार । बोले सु जंग बहु जैतवार ॥ ५५ ॥

रावर सु बोलि जस करन रंग । असुरेस सल्ल अन भी अभंग । भल मंत भेद धर भाव सिंघ । राना उत रक्खन जोर रिंघ ॥ ५६ ॥

महाराय मनोहर सिंघ मान । गिरि मेर नंद गिरिवर गुमान ॥ दल सिंह सिंह रिपु दलन दुट्ठ । कंकाल कलह जनु काल कुट्ठ ॥ ५७ ॥

भगवंत सिंघ कुंवर सभाग । बर फते सिंघ गुरु षाग त्याग ॥ सु गुमान सिंघ अरि सिंघ नंद । दर-बार आइ जनु ससि दिनंद ॥ ५८ ॥

रजवट्ट रूप सबलेश राव । चहुवान चंड चित लरन चाव ॥ झाला नरेंद सद्दे जुझार । कहि चंद्र-सेन जसु अचल कार ॥ ५८ ॥

केसरी सिंघ रावत सु किति । जसु कुंवर गंग मह जंग जित्ति ॥ झनकंत षग्ग झाला सुजैत । दिल्ली-स गहन जो दाव देत ॥ ६० ॥

गढ़ पति पँवार दाता दुझल्ल । बर बीर राव भनि बैरि सल्ल ॥ महसिंघ बंक रावत उमत्त । चबि-यें सु चोंड हर चंड चित्त ॥ ६१ ॥

रन अचल सुरावत रतन सेन । फंदेस रिपुन ज्यों फंदि एन ॥ सामलह दास कमधज्ज क्रूर । नर नाह बिरुद जिन मुक्ख नूर ॥ ६२ ॥

रावत रढाल रिन मान सिंघ । जित्तन सुजंग भुज सबल जंघ ॥ केसरी सिंघ चहुवान राव । घन घटे भिच्छि जिन षग्ग घाव ॥ ६३ ॥

लीयें सचोंड हर नीति लद्ध ॥ केसरी सिंघ रावत सकद्ध ॥ महुकंम सिंघ सगता सुभास । राठौर राय बर दुर्ग दास ॥ ६४ ॥

सोनिंग देव सामंत सूर । चालुक्क राव बिक्रम बिरूर ॥ रावत रुषमांगद सुभट रूप । जसवंत सिंघ झाला सु भूप ॥ ६५ ॥

गोपी सुनाह राठौर राद्द । लहि समर समय

जनु सोर लाइ ॥ प्रोहित सु राजगुरु जग प्रसिद्ध । सु गरीबदास बहु मंत शुद्ध ॥ ६६ ॥

गढ़पती महेजा अमर सिंह । बर रतन राव षीची अबीह ॥ सद्दे सुअनी उमराव हब्ब । आदर समान जिन गुरु अदब्ब ॥ ६७ ॥

प्रणमेबि सकल महाराण पाइ । बैठक सुकीय बैठे सुआइ ॥ श्री राज सिंघ राना सनूर ॥ कहि नाम देत बीरा कपूर ॥ ६८ ॥

॥ कवित्त ॥

सुनहु सकल सामंत रान जंपे राजेसर । सजि दल बल सब्बान इत्थ आवहि असुरेशर । युद्ध करे जिहि थान बेगि सो थान बतावहु । भज्जैं जहँ यवनेश असुर संहरि घर आवहु । बिन युद्ध किये बुज्झै न इह दिल्लीपति ओरँग दुमन ॥ इक मंत होइ सब अवनि पति पत्थोए पारो पिशुन ॥ ६९ ॥

अक्खें तब उमराव जोरि कर युगल साइ सम । असुर कहा हम अग्ग अवहि ठिल्लैं करि उद्धम ॥ सिहांसन सोभियहि साँइ हम हुकम सुकिज्जै । दिशि दिशि सज्जिब दुर्ग रटक रिपु सों इहि लिज्जै ॥ जैहै सुभज्जि इह यवन दल कबलों रहि करिहैं कलह । गहि लेहु असुर पति गज चढ़यो सजि चतुरँग पष्पर सिलह ॥ ७० ॥

गरिब दास प्रोहित सुगुरु, अक्खिय तिन फिरि एह।
एक सुमंत सु अरज इक, अब धारहु सु सनेह ॥७१॥
प्रभु मैं सकल पहार पति, जित्तहु पर्व्वत जोर।
घाट घाट रिपु घेरि के, बेगे देहु बहोर ॥ ७२ ॥
विग्रह इह के बरस लोँ, सुबढ्यौ जानि बिशेष।
अगनित दल असुरेस पें, हम मन इह अंदेश ॥ ७३ ॥

॥ कवित्त ॥

ये सब अद्रि अभंग नीर छाया युत निर्भय। जंग करहुं यवन सों जरिग घन घाट सदा जय॥ लगें न तह इन लगा असुर कोटिक जो आवहिं। बंके निज बर बीर मंडि अब असपति ढावहिं॥ आपके पंच सत पंच अरि होइ तऊ रक्खैं यु हनि। इहि मंतहि श्री महाराण निति असपति दल अकनूल गिनि॥ ७४ ॥

उदयाराण अभंग सक्क चीतौर ससेसर। आए इन ही अचल अर्‍यो जब साहि अक्कब्बर॥ सर भर किय संग्राम बरस द्वादश लों बिग्रह। अंत भगो असुरेश गयो सिर पटकि स्वयं गृह॥ ए अचल किए इक लिंग हर अचल राज कै काज तुम्ह। इह संतहि श्री महाराण निति अप्प सु जानि सुमल्लि अम्ह ॥७५॥

प्रगटे राण प्रताप जंग फुनि इहि गिरि जित्ते।

घोघुंदा पुर घाट घेरि असुर सब षत्ते ॥ अबदुल्ला सु नवाब गिरुअ गज सहित गिराइय । मान सिंघ निय मान गयो कूरभ गमाइय ॥ दल सहस बहत्तरि असुर दलि हिन्दू पति रक्खिय सु हद । इह मंतहि श्री महाराण नित मुगल ईश छंडे सु मद ॥ ७६ ॥

अमर राण अवदात साहि जहँगीर सज्जि दल । आयो चढ़ि असुरेश मज्झ मेवार सु महियल ॥ यप्पि च्यारि असि थान लेन बसुमति सु बढ्यो बहु । सत्त बरस लों सीम नेटि अरि भग्गि रहे नहु । असि च्यारि थान इक दिन उठे अकर राण लिन्नी सु इल । इहि मंतहि श्री महाराण निति बसुधा धारण अतुल बल ॥ ७७ ॥

कुशल रहें निय कटक बैरि दल होइ बिहंडह । रुक्कै आवति रतन भूष मरिहे अरि भंडह ॥ भग्गें असपति भोर हत्थ ज्यों बहुरि न आवहिं । इहे मंत अह्व ईश किये सद्यन सुख पावहिं ॥ करिये न पिशुन भायो कबहिं कत्थन खल क्यों करि कहे । राजेश राण इहि मंत ते दूध डंग दोऊ रहै ॥ ७८ ॥

॥ दोहा ॥

सु बचन प्रोहित के य सुनि राजसिंह महाराण । कुशल जैति दुहु कद्य ए मन्यो सन्त प्रमान ॥ ७९ ॥

करन दुर्ग्ग सजि के कलह जित्तन दल असुरेश ।

जानि सु परबत दल प्रबल राण चढ़े राजेश ॥ ८० ॥

॥ कवित्त ॥

राण चढ़े राजेश सहस पण बीश तुरग सजि। घुरत निसाननि घोष रबि सु ढंकिय हय षुर रजि ॥ मयंगल दल मय मत्त घटा उट्ठी कि श्याम घन । पयदल सहस पचीस सज्ज सायुध सूरं तन ॥ रथ जंत्रि सहस सस्त्रहि भरिय कर हां गिनति परंत किहिं । जग मज्झ कवन जननी जन्यो जग आद्द जित्तै सु जिहिं ॥ ८१ ॥

सत्थ चढ़े अरि सिंघ वंक ये महा बीर बर ॥ जैत हत्थ जै सिंघ कुंवर करमेत कुलोधर ॥ भीम कुमार सभाग जोध रावर जसवंतह । भाव सिंघ भूपाल अरिन जन करन सु अन्तह ॥ महाराय मनोहर सिंघ चढ़ि नृप दलसिंह सु बीर बर । सामंत राण राजेश के कलह कूर कंकाल कर ॥ ८२ ॥

नृप अरसीह सु नंद कुंअर भगवंत सीह बर। फते सिंह करि फते गुनी सु गुमान सिंह गुर ॥ सबल राव सबलेस चंह झाला सु जैत चिर । सगतावत रावत्त केसरी सिंघ सिंह बर ॥ पांवार सु बैरी सल्ल पहु महा सिंघ रावत मरद । रावत चौंड़ावत रतन सी महुकम सिंघ सु बढ़ बिरद ॥ ८३ ॥

सांवल दास सकाज राज रक्खन सु रहुवर ।

मान सिंह रावत सुमन्त चोंडावत सुन्दर ॥ चाहु-
वान चतुरंग राव केहरि रिन केहरि । रावत केहरि
रूप चंड चौंडावत उद्धरि ॥ रावत रुषमांगद बीर
रस सोलंकी बिक्रम सु ध्रुव । नृप दुर्गदास सो-
निंग सम सकल रट्ठवर सत्थ हुव ॥ ८४ ॥

युग झाला जसवंत गोप रट्ठोर जैत कर ।
प्रोहित गिरवर प्रगट बषत बल बषत सीह बर ॥
रतन सेन षीची सु बीर कन्हा सगतावत । अबू
मलिक अजेज डोड महासिंह सुहावत ॥ गढ़ पती
महेजा अमर गिनि झाला नृप बर सिंघि झिलि ।
चढ़ि चले सज्जि चतुरंग चमु मनो उदधि सुरसरित
मिलि ॥ ८५ ॥

॥ दोहा ॥

मनो उदधि सुरसरित मिलि गुरु लहु अगिनत भूप ।
सत्थ राण राजेश के चढ़े बीर रस चूप ॥ ८६ ॥
देवी पानिय देव गिरि, पंच कोश सुप्रमान ।
प्रथम मुकाम तहां प्रवर, मंडि महा मंडान ॥ ८७ ॥
सोर भटक अरु सेन सुर गिरिबर अंबर गाज ।
श्रवनन सद्द सुन्यो परै अरि दल बढ़त अवाज ॥ ८८ ॥
प्रथम मुकामहिं हिन्दुपति मिले आइ मेवासि ।
पानोरा मेरह पुरा जूरापुरा जवासि ॥ ८९ ॥
सजि पुलिन्द सब पल्लि पति, सहज पचासक सत्थ ।

ध्रुव पय रोपन धनुष धर अमर सूर सु समत्थ ॥८०॥
तरकस युग २ पिट्ठि तिन संपूरित सर युद्ध ।
कथे कत्थ नट बिकट लों दुरय न तिन रिपु युद्ध ॥८१॥
तरु दल छेदे तक्कि कैं व्योममांहिं उड़त बिहंग ।
बदि लाखक में दुद्यनहि बेधन बान अभंग ॥ ८२ ॥
प्रनमि हिंदुपति पाइ सब ठठ्ठे महलहिं ठट्ट ।
मनो गंग यमुना मिली सलिल समेल सुघट्ट ॥ ८३ ॥
हुकम दयो तिन क़रन हर भारहु घाट सभार ।
दस दस सहस रहो सु भर पिशुन न हूँ पैसार ॥८४॥
षरच सु लेहु षजान तें ध्रुव पद रोपो धीर ।
रषित रुक्कि रिपु रुक्कि के मारो बड़ बड़ मीर ॥ ८५ ॥
यों कहि सब अभिमानि के सबनि दये शिर पाव ।
अश्व कनक भूषन अषय बसुधा ग्रास बढ़ाव ॥ ८६ ॥
पंच फ़ौज तिन रचि प्रबल रहे घाट गिरि रुक्कि ।
आवन जान न लहें अरि थान २ मग थक्कि ॥ ८७ ॥
पत्तनेन बारा सु पहु गिरिवर तहँ गुरु गाढ़ ।
भार अठारह तरु भरित अह निसि लगत असाढ़ ॥८८॥

॥ कवित्त ॥

अह निसि लगत असाढ़ नित्य बरषे तहँ नी-
रद । नदी नाल नीझरन सरस बसुधा रसाल सद ॥
चहूं ओर गुरु अचल घाट दुर्घट घन घट्टिय । बंको-
गढ़ बहु बिकट नारि अरि दलन निहट्टिय ॥ पत्तं

सु थान महाराण तिम मेनवारा गुरु गढ़ निघट ।
असपति अनेक आवे तउ जवति हिंदुपति खग्ग
झट ॥ ९९ ॥

संमुह दल जैसिंघ कुँवर रक्खें स कलापह ।
दल सुभीम दक्खनहिं मंडि बहु सुभट मिलापह ॥
भुजा बाम भगवंत सिंह महभय बंधू सुभ्र । रखे
पीठि महराय मनोहरसिंह मेरु धुभ्र ॥ दिसि च्यारि
रक्खि दिग्वाल ए च्यारि च्यारि हाजार हय । नव
सहस तुरग बिचि हिंदु नृप जुद्ध राण राजेस्र जय॥१००॥

पातिसाह दल प्रबल तदपि महराण तेज तिन।
परे न अग्गे पाउ हिरनपति ज्यों हूतासन ॥ तरु तरु
थंभतु तकतु जकतु जहं तहं गुरु जंगल । ज्यों कुरंग
जंगली समै सम तल महि मंडल ॥ सापुरस सीह
सीवान इन अचल अचल कै आदरत । ओरंग सुसेवत
ओझते चौंकि चौंकि उट्ठंत चित ॥ १०१ ॥

॥ दोहा ॥

असपति अहनिसि ओझकतु राणतेज अहहेज ।
आयो के आयो सुभव अनमी हिंदु अजेज ॥१०२॥
मंडै भूलि न हूं महल सहल न चढ़त जगीस ।
दहल राण राजेस्र जी दुरयौ रहत दिल्लीश ॥ १०३ ॥
डरत डरत असुरेस्र दल करत सुकास सकोस ।
आए उदयापुर निकट दुज्जन पूरित दोस ॥ १०४ ॥
बसुधाधर देखे निकट ओघट घाट अजीत ।

थंभयो निज दल तिनहि यह भयो साहि भयभीत ॥१०५॥
धसे न को धाराधरहि धर सम आए धाइ ।
राणनि सुनिये वत्त रुचि कविलेश सों कहाइ ।

॥ कवित्त ॥

अब तज्जि न अहमेव उनहिं अहमेव सुआवहु ।
देखि देखि निज दुग्ग कहा निज मन कंपावहु ॥ धर
सम आए धाइ धसो अब क्यों न धराधर । जुरो
आइ इत जंग रोस करि लेहु रठा वर ॥ पिखिन
पहार परि क्यो रहे पय पय क्यों थंभो सुपथ ।
राजेश राण कहि साहि सुनि पवन वेग परखरहु रथ ।

॥ दोहा ॥

लरो तो आवहु अचल विचि, न तरु कि छंडिव देश ।
जासु शाहि जुग्गिनि पुरहि, राण कहत राजेश ॥
संदेशा यों श्रवन सुनि, लग्गी अरि उर लाइ ।
रोस पूर महराण को, सद्द हिये न समाइ ॥ १०८ ॥
मनु मद पीवो मक्कडहि, डसि वृश्चिक लसि भूत ।
किंकिं कौतुक ना करै, सो दिल्लीपति सूत ॥ १११ ॥

॥ कवित्त ॥

कथन राण अति कूर भूरि भृकुटी चढ़ाइ करि ।
दृब्बि अधर करि मोंडि भूत भासुर सरोस भरि ॥
चढ़न कह्यो चक्कतेस बरजि तब खान बहादर । अहो
कवि ले आलंम विकट आयो पहार वर ॥ नन लाग
नारि गोरान को हय सहयी निवहे न तहं । इहि मंत

अन्य दल पाठवहु अप्पन साहि रहो सु इह ॥ ११२ ॥

मानि महादर मंत दिलीपति रह्यो मानि उर। सहिजादा निज सद्दि अगुरु सुलतान् अकब्बर ॥ सकल भांति सनमानि कह्यो तुम करो कटक्की। जोर हिंद गिरि जोर हलकि गहि लेहु हटक्की। आवै सु धाइ दल लेहु अति शैल सकल करि के सरद। करि जोर हिंदु दल सो कलह मही लेहु बाउम मरद ॥ ११३ ॥

साहि हुक्म सुप्रमान लटकि शीशहि चढ़ाइ लिय। सब्ब करी सुसलाम साहि नन्दन अनंत प्रिय। अद्धु लाख सजि अश्व सहस सिंधुर मनु सेलह। किते खान उमराव गर्व्व गाढ़े लिय गैलह। हर बल हुसेन अगोर नारि आरा बगुर ?। चढि चल्यो अकब्बर चंड चित पत्तन तक्खन उदयपुर ॥ ११४ ॥

प्रबल पौरि प्राकार पिक्खि प्रासाद गृहं गृह। गोष झरोषा गेरि अजरि तजरी सुजहां तहं ॥ बहु देवल बाजार हट्ट भनि केउ हजारह। संगी काम सपल्ल अटा चित्रसारि अपारह ॥ जहं तहं सुकुंड वर बापिका वन उपवन सर वर सलित। भूनारि शीश जनु भालि पल नगर उदय पुर चैंन नित ॥ ११५ ॥

निरखि उदयपुर नैंन रिपु सुपत्ते अदभुत रस। भुल्लि रोस सुधि भुल्लि देखि कमठान चहों दिस ॥

संमुंह करत सराहैं बाहैं फुनि वाहु वढंतह । राज
थान रख्खा सुराख दृत मास अनंतह ॥ पुर चहुं-
ओर पराव परि बिषधर ज्यों चंदन बिटपि ।
पतिसाह सु ओरंग साहि पहु थान थान तव थान
थपि ॥ ११६ ॥

थप्पि खान चित्तोर थप्पि पुर मंडल थानक ।
मंडल गढ़ बैराट भैंस रोर्डाहि सुभयानक ॥ दश पुर
नीमच दुग्ग चलहु सनकंध हचाचर । अरु जीरन
अंटाल कपासनि नगर राज़ वर ॥ जरि थान उदेपुर
भरि यवन अति अनीति बरती अवनि । पतिसाहि
साहि ओरंग के जवन परत छिति रयनि दिन ॥११७॥

॥ दोहा ॥

थान जरे जहं तहं सुथिर, अरि ओरंग असुरेश ।
मेदपाट महि मंडलैं, राण सुनी राजेश ॥ ११८ ॥

॥ कवित्त ॥

मेदपाटपति महल भूप भूपह सु भूमि भर ।
महाराउ रावर महिंदरावत घन घुंसर ॥ राजा रावर
ढाल आदि उमराव अनेकह । हिंदूपति किय हुकम
सजो निज सेन सटेक्कह ॥ भंजो व थांन असुरोन भर
निज निज धर रक्खो सुनृप । अनसंक कंक अरि
उत्थपहु तिलन गिनो तुरकेश तप ॥ ११९ ॥

॥ दोहा ॥

हिंदूपति श्रीमुख हुकम, सुवर वीर सुप्रमानि ।
अप्प अप्प रक्खत अवनि, चढ़े तुरंग पलानि ॥१२०॥

॥ कवित्त ॥

गोपिनाह कमधज्ज चढ़े विक्रम चालुक्कह । रावत रतन उदंड चंड चोंडा उत रूपह ॥ कहि सगता उत कन्ह रंग रुख मायच रावत । चढ़े राव चहुवान केसरी सिंह सुहावत ॥ समलह दास कमधज्ज चढ़ि चढ़ि दयाल मंत्री अवर । केसरी सिंह रावत चढ़े चोंड़ा उत नृप राघ चिर ॥ १२१ ॥

चढ़े कुंवर वर गंग केसरीसिंह सुनंदन । सगता उत कुल सूर जोर अरि जूह निकंदन ॥ दुर्गदास सोनिंग चढ़े राठौर सुचंडह । महुकम सिंह सरद्दू चोंडहर अकल अदंडह ॥ काल नरिंद जसवंत चढ़ि दिल्लीपति दल बल दहन । सामंत राण राजेश के गुरु गुमान गय घड़ गहन ॥ १२२ ॥

॥ दोहा ॥

चढ़ि उमराव चतुद्द सह, उद्धासन असुरान ।
सेन सहस दस अश्व सजि, निहसत नद्द निसान ॥१२३॥

इति श्रीमन्मानकविविरचिते श्रीराजविलासशास्त्रे महाराणाश्रीराजसिंहजीपातिसाह ओरंगसाहिसमरसंवादवर्णनं नाम दशमो विलास: ॥ १० ॥

॥ दोहा ॥

सोलंकी विक्रम सुभट गोपिनाह कमधज्ज ।
रोमी तिन घनरल तले, साहसवंत सकज्ज ॥ १ ॥
आवत जब जाने असुर, देव सूरि पुरघट्ट ।
रोमी द्वादस सहस दल, बल आराव विकट्ट ॥ २ ॥
नारि तहां ओघट निपट पंचकोस परजंत ।
अश्व एक पथ अति क्रमें, चीटी ज्यों सुचलंत ॥३॥
दोनें आवनहु अन दल, नारि मध्य निरभार ।
रोके तबहु हुहाट के, पहुं निकरन पैसार ॥ ४ ॥
मारि मचाई हुहुमरद, विक्रम चालु कवीर ।
गोपिनाह कमधज्ज नैं, मारे बड़ बड़ मीर ॥ ५ ॥

छंद त्रिभंगी ।

विक्रम बलवंता रणरस रंता अति हित मंता सामंता । जे सुननि परत्ता तेजी तत्ता वथुह वदत्ता दुर्द्दंता । करबालऽरु कुंता हत्थ फुरंता वीर बिरंता बाधंता । प्रजरंत पलित्ता जंगहि जुत्ता धम चक धुत्ता गुरुमत्ता ॥ ६ ॥

रोमी मुह रत्ता घेरि सुघत्ता, भय भय भित्ता चल चित्ता । अल्लह उचरंता असुर उधंता, खळवड़ खंता मदमत्ता ॥ तक्के गिरि गत्ता शरण असत्ता मन सुमिरत्ता तिय पुत्ता । विसरे सुधि वत्ता के तनु छित्ता तरु तरु लित्ता विलपत्ता ॥ ७ ॥

कितने क कविल्ला उररि असिल्ला अकिख इलल्ला महि मिल्ला। काजी बहु मुल्ला बिफुरि बिलुल्ला झर मुह झल्ला सिर खुल्ला॥ नर निपट नवल्ला रंग रसिल्ला दंडहु झल्ला मनु मल्ला। खग तेजरु भल्ला बान बहिल्ला गुरु जग हिल्ला हर हुल्ला॥ ८॥

कत्ती किल किल्ला सक्ति सलिल्ला तोप त्रिमुल्ला जाजल्ला। दल मचि दहचल्ला लोह उजल्ला नहिं बिचि पल्ला घर भल्ला॥ घूमत घामल्ला छक्क छयल्ला तजि गृह तल्ला एकल्ला। तुटि तूरत बल्ला ढरि गज ढल्ला कापर डुल्ला अकतुल्ला॥ ९॥

सोलंकी सूरा बबकि बिडूरा किय भक भूरा अरि भूरा। नाहर ज्यों नूरा बजि रन तूरा सुर सिंधूरा परि पूरा॥ पर दल चकचूरा करि बल क्रूरा बरि बर डूरा रन रूरा। अरि विष अंकूरा सकल समूरा ज्यों जर मूरा उनमूरा॥ १०॥

गोपी कमधज्जा सूर सकज्जा अटल अजज्जा गुरुलज्जा। सिंधुर हय सज्जा रूप सुरज्जा धरगिरि धुज्जा खग बज्जा। तीखे तनु तिज्जा भूरत भिज्जा गगन सुगज्जा आबिद्या। भय करि रिपु भज्जा शीघ्र ससज्जा गिद्धि निषज्जा गहि बुद्या॥ ११॥

दुज्जन दहबट्टा विमन विकट्टा खग भँग सुट्टा उदभट्टा। नर के ज्यों नट्टा उलट पलट्टा भरत कु-

लट्टा तंग तुट्टा ॥ जोधा रस जुट्टा घनदलघट्टा डपट दपट्टा गाहट्टा । झुकि झुकि खग कट्टा जभट सझट्टा रण रस लुट्टा आहुट्टा ॥ १२ ॥

रखरि घम रुंडा विचलि विहंडा महि परि मुंडा खल खंडा । आसुर सुउदंडा बिलझ बितंडा प्रबल प्रचंडा भुज दंडा ॥ कर सर कोदंडा बहु बल-वंडा भल किय भंडा खल खंडा । करि कट्टि भसुंडा अरिन अखंडा चढ़ि रण चंडा झर मंडा ॥ १३ ॥

॥ कवित्त ॥

मंड्यो झर मुंछाल काल रोमीन खयं कर । सोलंकी नृप सूर नाम विक्रम सुबीर नर ॥ साच वाच साधर्म्म गोपिनायक युग कित्तिय । देव सूरि दुर्घाट यवन सेना तिन जित्तिय । लुटि लच्छि खजान अनेक विधि राणा राजेश्वर सुबल । जयपत्त प्रथम इहि जंग जुटि भल भग्गो असुराण दल ॥ १४ ॥

इति श्रीमन्मानकविविरचिते राजविलासशास्त्रे देवसूरिदुर्घाटे रोमीसादु प्रथमयुद्ध-वर्णनं नाम एकादशो विलासः ॥११॥

॥ दोहा ॥

उदय मान कूअँर अमर, चाहुवान चतुरंग ।
उदयापुर थाने उररि, मारे म्लेच्छ मतंग ॥ १ ॥
रुकमांगद रावार को कूअँर सूर सपच्छ ।
सहस पचीसक असुर पर, नंखी वग्ग समच्छ ॥ २ ॥

सूरा एकहि सहस सम, सहसहि सद्धत एक ।
सहसनि हू सद्धै नहीं, सूरा एक अनेक ॥ ३ ॥
धनि आसगनि धीर धनि, धनि २ चित्त सुधर्म्मं ।
साँई कज्जें रचि समर, मारे असुर अधर्म्म ॥ ४ ॥
पचीसोहि पवंग सों, सहस पचीसनि मध्य ।
असुरायन उद्धंस तें, निकरे सेन सुसद्धि ॥ ५ ॥

छन्द--हनुफाल ।

तुट्टे बज्यो षहतार, कलि उदयभान कुमार ।
मह यवन सैन सुमध्य, यों धार मंडिय युद्ध ॥ ६ ॥
करबाल कुंत रु कत्ति, आदेया देबि उमत्ति ।
रिपु उदरि परिघ सुरोरि, दल मचिय दोरादोरि ॥७॥
मुख बचन चूक रे चूक भट बिकट अग्गि भभूक ।
बिफुरे सुहिंदू बीर, मारंत बड़ बड़ मीर ॥ ८ ॥
हय २ सुकेइ जकंत, के सिलह जीन कुकंत ।
उभके सुसोवत केक, कहि तेक तेक रे तेक ॥ ९ ॥
भुंजते के भय भीत, उठि भगे बारि अपीत ।
सतरंज पासा सारि, भरपे सुखेलहि भारि ॥ १० ॥
कितनेक करत निमाज, धावंत ध्यानहि त्याज ।
हलहलिय दल परिहाक, छबि उतरि उत्सक छाक ११॥
सुंदरिय नभ घन घोम, गडडंत गज्जत गोम ।
भरहरिय कायर भग्गि, लकलकिय उर उर लग्गि ॥१२॥
रिपु रुंड मुंड रुडंत, मुख मार मार बकंत ।

उड़ि श्रोन छिंछि अपार, बहि चले रत्त प्रनार ॥१३॥
भल हलत सिलह सभान, झट उझट बज्जि अमान ।
किलकार बीर कुकंत, हलकार केक हकंत ॥ १४ ॥
कटि शीश नचत कमंध, ज्यों फिरत नर जाचंध ।
कटकंत हड्ड कटक्क, षनकंत षग्गि झटक्क ॥ १५ ॥
भभकंत इभ्भ भसुंड, बहिरत्त दंड बिहंड ।
हय नरनि परि संहार, हरषंत हर रचिहार ॥ १६ ॥
गिद्धिनिय अरु गोमाय, पल लेइ केइ पुलाय ॥
तुटि टोप तुबक रु त्रान, कोदंड कुंत क्रपान ॥ १७ ॥
चोसट्ठि पीवत चोल, भरि भरि सुपत्र अलोल ।
बिहसंत बीर बेताल, कलिकाल झाल कराल ॥ १८ ॥
अरि मित्र अप्पन आन, तन परत सुद्धि सयान ।
हहरंत के मुख हाय, लगि जानि ग्रीषम लाय ॥१९॥
तरफरत के अधतंग, असि छिन्न भिन्न सुअंग ।
संहरिय आसुर सेन, जनु परिय सिंह सुएन ॥ २० ॥
अटक्यो न किहि मुष आइ, बर बीर धार बलाइ ।
चहुवांन रिन चित चंड, अति सबल सकज अखंड ॥२१॥
निकरे सु अरिन निहत्ति, अषियात अचल सुकित्ति ।
राणा महाराजेश, सनमान कीन विशेश ॥ २२ ॥

॥ कवित्त ॥

सनमानिय सुविशेष दिए बर ग्राम दोय दस ।
सोवन साकति अश्व सरस शिरपाव जरक्कस ॥ कंक
बंक करवाल कनक नग जरित कटारिय । बीरा प्रवर

कपूर बहुत चित हित बिस्तारिय ॥ रिन रुषमांगद रावत्त को उदयभान अत्थो कुंवर। चहुवान बीर रस चौगुने राण कहत राजेश वर ॥ २३ ॥

इति श्रीमन्मान कवि विरचिते श्री राजविलास शास्त्रे उदयपुर स्थान के कुंवर उदयभानकृत द्वितीय युद्ध वर्णनं नाम द्वादशमो विलासः ॥१२॥

॥ दोहा ॥

अंगज साहि ओरंग को, अकबर साहि अमान।
धस्यो पहारनि मध्य धर, रिन जित्तन महारान ॥१॥
बाजी सह बत्तीस सों, नर वे केइ नवाब।
नारि गोर आराब गुर, सजि दल चढ़्यो सिताब ॥२॥
हरवल अलि हुसेन हुअ, पक्को पंच हजार।
कलह क्रूर कंकाल कर, रढ छंडे नन रारि ॥ ३ ॥
झंड रुप्पि झारोल थह, द्वादश कोश प्रमान।
नेनबारा गिरिवर प्रगट, सुभट थट्ट महाराण ॥ ४ ॥
निसु निबत्त हिन्दू नृपति, सामंतनि सनमान।
पठये आसुरि सेन पर, जंगहि भीषम जान ॥ ५ ॥

॥ कवित्त ॥

तिनहि बर तुरंत बीर बिफुरंत षिवंतह। तरित जानि तटकंत बिमल कलिकंत बधंतह ॥ महा सिंघ मुंछाल राज रक्खन बड़ रावत। रतन सीह गुरु रोस चढे रावत चोंडावत ॥ चहुवांन राव फुनि सजि

चढ़े केसरि सिंह सुकंक बर ॥ त्रयबेनि सलित ज्यों सेन तिहुं उलटि जंग असुरान पर ॥ ६ ॥

बीर बैर बिड्डुरिय भीर उम्भरिय रोस भर। सिंधु राग संभरिय धोम धुन्धरिय व्योम धर ॥ सांई नाम संभरिय सद्द संघरिय सुत्रंबक। धक्क हक्क धम चक्क उद्दरि आसुर झक उभ्भक ॥ मुंडाल काल लंकाल सम झंड २ देते झपट। रावत्त राण राजेश के लोह छोह पावक लपट ॥ ७ ॥

दुट्ठह ठट्ठ ढमुट्ठ झुट्ठ आरूढ़ जुझारह। मंडि मार ढक चार बज्जि बैरिन शिर सारह ॥ बरसि बान दुरि भान रेनु नभ उज्झिर डंबर। कल कल मचि मचि कूह जहां कविलान उझंझर ॥ तोबा करंत हहरंत हिय घूक भंति रन बन घुसत ॥ रावत्त मत्त महसिंघ मुख शत्रु सेन न धरंत सत ॥ ८ ॥

छंद गीतामालती।

धसमसिय धर गिर शिहर उद्धसि बीर गुर गस उभ्भरे। कलकलिय परि मचि कूह कलकल झलल बिज्जुल उग्घरे ॥ झटझटिय बजि रिन झाक झरझट त्रिघट घन घट तच्छयं ॥ महसिंघ वंक उमत्त रावत बैरि करन बिभत्थयं ॥ ६ ॥

चल प्रचल अरि दल सकल चल दल होत रल तल सामुहें ॥ झलमलत सिलह सटोप झलमल चपल

चंचल आहहैं। करवाल रिपु कुल काल कर गहि मरद् मारत म्लेछयं ॥ महसिंघ बंक उमत्त रावत बैरि करन बिभत्थयं ॥ १० ॥

सलसलिय फनधर सधर संकर कंध कच्छप कस-मसे ॥ झलझलिय जलनिधि सलिल थल जल अनल बिनल सु उद्धसे। डर बिडर दिशि दिशि बिदिश डंबर यहउ झंपर पित्थहं ॥ मह सिंघ बंक उमत्त रावत बैरि करन बिभत्थयं ॥ ११ ॥

चढ़ि चाक चहु चक उझक हकबक छैल मद छक छुट्टयं। किलकंत कंत हसंत कलरव जंग जहं तहं जुट्टयं ॥ मचि मार मार बकंत मुष मुष छज्यों नट इव कत्थयं । महसिंघ बंक उमत्त रावत बैरि करन बिभत्थयं ॥ १२ ॥

षनकंत षग्ग उनग्ग षग्गन झनकि जानि कि झल्लरी। भनकंत भेरि नफेरि चुंगल तूर त्रंबक दुरबरी ॥ गावंत सिन्धु राग गोरिय पिशुन पारिन पत्थयं । महसिंघ बंक उमत्त रावत बैरि करन बिभत्थयं ॥ १३ ॥

कटि कंध अंध कमंध आसुर बीर नच्चत बावरे। झटकंत दिशि दिशि धाइ षग झट उझट सझट उतावरे ॥ सलहंत सूर सनूर साहस मीर मीरन संमिले। रघु चोंड हर गुरु रतन रावत रिनहि रिपुदल रलतले ॥१४॥

बिबि षंड वंड विहंड बाहू मित्थि मत्थय संभिरे। लसि लोह छोर सुरत्त लोयन बीर रस बर बिस्तरे॥ घट त्रिघट घाट त्रिघाट धाइय घुरिय घन घन घुंघले। रघु चोंड हर गुरु रतन रावत रिनहि रिपुदल रलतले॥ १५॥

भभकंत इभ्भ भसुंड तुंडनि प्रचलि श्रोन प्रनालयं॥ ढरि ढाल लाल सुपीत नेजा ढंग मिलि ढकचालयं। घूमंत असि छक विछक घाइल दुट्टि खप्पर टल टले॥ रघु चोंड हर गुरु रतन रावत रिनहि रिपुदल रलतले॥ १६॥

लटकंत किहि शिर पीठि लडलट तदपि घट यट ना घटें। असि कंक बंक उभारि अंबर फिरत टट्टर के फटें॥ उड़ि छिंछि श्रोन सजोर संमुह चोल चब्बर संचले। रघु चोंड हर गुरु रतन रावत रिनहि रिपु दल रलतले॥ १७॥

पय भरत रोपत कुंत धर पर लरत परत न लरथरें। जनु जनमि धर इक जंघ जनपद सूर सूरन संहरें॥ रिण मिलित रोर सुयवन रजवट गलित गज यट गजगले॥ रघु चोंड हर गुरु रतन रावत रिनहि रिपु दल रलतले॥ १८॥

तुटि सिलह टोप सुत्रान तुरकनि तेक तुबक तुरंगमा। धज नेज तोरि झंझोरि झंडनि झाक

बज्जि झमंझमा ॥ गटकंत युग्गिनि रुहिर गट २
दबट दह बट दुज्जनां । केसरी सिंघ सुकंक गहि करि
राव भल सज्ज्यो रिनां ॥ १८ ॥

गहगहिय षग गोमाय गिद्धिनि झुंड रुंडनि
झरफरें । कुननंत अंत फुरंत फेफर तंग भंग सु तर-
फरें ॥ धावंत शून तुरंग सिंधुर तोरि शृंखल बंधना ।
केसरी सिंघ सुकंक गहि करि राव भल सज्यो रिनां॥२०॥

हर अट्टहास प्रहास प्रमुदित कमल गल माला
गठै । बेताल बपु बिकराल ब्यंतर बीर बष बष करि
उठै ॥ नच्चन्त नारद तान नव नव बीर बरत बरांगना ।
केसरी सिंह सुकंक गहि करि राव भल सज्यो रिना ॥२१॥

लगि जेठ लुत्थि अलुत्थि लुत्थिन आन अप्पन
को लषे ॥ परि दंति पन्ति पवंग पाइल धंष धर धरनी
धुषे । लुट्टंत हेम सुरूप लुत्थिय करि तुरंगम कूदना ॥
केसरी सिंघ सुकंक गहि करि राव भल सज्यो रिनां ॥२२॥
दूग सेन दह दिशि भर अचल सो अचल दल कल कंदले ।
भरहरिय अल्लि हुसेन तग्गिय साहिजादा संपुले ॥
जय पत्त जंगहि राव रावत बोल रक्खे बहु गुनां ।
केसरी सिंघ सुकंक गहि करि राव भल सज्यो रिनां ॥२३॥

॥ कवित्त ॥

को अडुल्ल हरवल्ल को सु करवल्ल अठित्तह ।
किं गज ढल्ल मझिल्ल भूप छातल्ल छयल्लह ॥ दुज्जन कोन

दुहिल्ल कहा कोतिल्ल रु सिल्लह । किं सु किन्न बनि निल्ल नेत किं पित्त सुलल्लह । सादुल्ल मल्ल एकल्ल से हए भल्ल जे षल्ल जिन । रावत्त मत्त महसिंघ मुष रहे न के। ग्रासुर मुरित ॥ २४ ॥

रावत चढ़ि रतनेश असुर दल कट्टि अपारह । रर बरि रंक करंक भूमि बल लिय भर भारह ॥ सार धार भकझार अंषि पिख्यो उद्धम अति । हरवल अल्लि हुसेन भगो सुन बाबहि रन भत्ति ॥ भय पाइ साहि दल सब भगो भगो साहिजादा डरत । पय गिरत परत लरथरत पय धावत पल धीर न धरत ॥२५॥

उद्धंसे असुरान षान सुलतान षुरेसिय । मत्थ य बिनु किय मुगल सैद संहरे बिदेसिय ॥ पिट्टे शेष पठान लोदि विल्लोचि बिडारे ॥ भंजे भंभर भूरि सकल सरवानि संहारे । हबसी रुहिल्ल उजबक सुग्र-नि गक्खर भक्खरि परि गहन ॥ चहुवान राव केहरि सुचढि महारान किय मह महन ॥ २६ ॥

॥ दोहा ॥

तजि पहार भग्गो तुरक, गिरत परत उरभंत ।
घाट घाट घन घट घटतु, हिय सुहारि हहरंत ॥२७॥
कहुं सुनारि हयनारि कहुं, कहुं रथ सिलह सभार ।
हय गय भर ग्रासुरन रनि, परि गय मग संहार ॥२८॥
फागुन मास सुफरहरत, तनु थरहरत सुशीत ।
सब निशि कोश पचीस लों, भग्गोरिपु भयभीत ॥२९॥

आए साहि हुजूर सब, कटे बढ़े कद्रुप ।
कहि उद्दंत आलम कबिल, इहि रहना न अनूप॥३०॥
जोरावर हिंदू जुरे, झुंड २ रहे भूमि ।
